आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 26 अप्रैल 2023 ■ वैशाख शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-028 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 अप्रैल 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

बादल के निधन पर दो दिन का राजकीय शोक

रायपुर,26 अप्रैल। केंद्र सरकार ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन के मद्देनजर पूरे देश में दो दिन यानी 26 और 27 अप्रैल को राजकीय शोक की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार देर रात सभी राज्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि बादल का 25 अप्रैल को निधन हो गया और केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि दिवंगत नेता के सम्मान में पूरे देश में 26 और 27 अप्रैल को दो दिनों का राजकीय शोक रहेगा। पत्र में कहा गया है, 'शोक के दिनों में, राष्ट्रीय ध्वज उन सभी भवनों पर आधा झुका रहेगा जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है और इन दो दिनों में कोई सरकारी समारोह आयोजित नहीं होगा।' पंजाब के पांच बार के मुख्यमंत्री रहे बादल का मंगलवार को निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे।

जमीन घोटाला को लेकर ईडी की छापेमारी

रांची,26 अप्रैल। जमीन घोटाला को लेकर ईडी एक बार फिर सक्रिय हो रही है। ईडी की टीम राज्य में जमीन घोटाले के लेकर कार्रवाई कर रही है। आज बुधवार की सुबह ही ईडी की टीम कई ठिकानों पर पहुंची और ताबड़तोड़ छापेमारी शुरु कर दी। बता दें ईडी की यह छापामार कार्रवाई झारखंड के रांची में हुई है। सुबह ईडी की टीम मोरहाबादी, अशोक नगर, बूटी मोड़ और खेलगांव में पहुंचकर छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, चेशायर होम रोड स्थित 4 एकड़ 83 डिसमिल जमीन को गलत दस्तावेज बनाकर बेचने के मामले को लेकर ईडी ने यह कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक रांची के मोरहाबादी और खेल गांव में फिलहाल ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। मोरहाबादी में ठेकेदार बिपिन सिंह के यहां ईडी ने दबिश दी है। वहीं खेलगांव में ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए अफसर अली के करीबी जमीन दलाल शेखर कुशवाहा के यहां ईडी ने छापेमारी की है। वहीं गाड़ी गांव में शेखर कुशवाहा नाम के जमीन कारोबारी के यहां ईडी कार्रवाई कर रही है। मोराहबादी में बिपिन सिंह के आवास में ईडी ने छापा मारा लेकिन ईडी के पहुंचने से पहले ही पूरा परिवार बुधवार सुबह 6-30 बजे तक सभी सामान के साथ निकल गये। ईडी ने फ्लैट को सील कर दिया है और फ्लैट मालिक को बुलाया है।

राजधानी रायपुर में ईडी के छापे की चर्चा

रायपुर,26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर ईडी ने कार्रवाई तेज कर दी है। आज सुबह खम्हारडीह स्थित एक कॉलोनी में बार संचालक के निवास पर छापा मारने की खबर है। करीब दर्जनभर अफसरों की टीम शराब कारोबार में हुए गोलमाल और उनमें बार संचालक की संलिप्तता को लेकर पूछताछ कर रही है। ईडी की यह टीम झारखंड में हुए शराब नीति घोटाले की जांच कर रही है । इस सिलसिले में दो सप्ताह पूर्व रायपुर बिलासपुर के दिग्गज शराब कारोबारियों को घेरे में लिया था। ईडी ने कोल परिवहन केस में छत्तीसगढ़ में अक्टूबर 2022 से छापेमारी शुरू की है। पहले छापे 40 ठिकानों पर पड़े, जिसमें 4 करोड़ कैश, करोड़ों की संपत्ति और दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस मामले में आईएएस समीर विश्नोई, कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल, वकील-कारोबारी लक्ष्मीकांत तिवारी, सूर्यकांत तिवारी और उपसचिव सौम्या चौरसिया के अलावा दो खनिज अफसर भी जेल में हैं।

नक्सली हमले में 11 जवान शहीद

दंतेवाड़ा में जवानों से भरी गाड़ी को ब्लास्ट से उड़ाया

दंतेवाड़ा 26 अप्रैल। ■ तरुण छत्तीसगढ़

दो साल तक शांत बैठे नक्सलवादियों ने आज एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। जवानों से भरी गाड़ी को नक्सलियों ने ब्लास्ट में उड़ा दिया है। इसमें 10 जवान सहित व 1 ड्राइवर शहीद हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जवान सर्चिंग पर निकले हुए थे। बताया जाता है कि ये सभी जवान 407 वाहन में सवार थे। अरनपुर व जगरगुंडा के बीच सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पास में ही नया कैंप भी खुला है। ये जवान सर्चिंग से वापस आ रहे थे। इसी दौरान ये ब्लास्ट हुआ है। इसमें 11 जवानों शहीद होने की पुष्टि आईजी सुंदरराज पी ने की है। घटना दंतेवाड़ा के अरनपुर का बताया जा रहा है। घटना में डीआरजी के जवानों के

फाइल फोटो

घायल होने की खबर है। अरनपुर के पालनार क्षेत्र में ये ब्लास्ट की खबर है। जवानों से भरी गाड़ी क आईईडी ब्लास्ट से उड़ाया गया है। मौके पर अतिरिक्त जवान के साथ ही दो एंबुलेंस को रवाना किये जाने की खबर है। घायल जवानों को दंतेवाड़ा लाये जाने की सूचना है। पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद हैं। आज 26 अप्रैल को दन्तेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र अंतर्गत माओवादी कैडर की उपस्थिति की सूचना पर दन्तेवाड़ा से डीआरजी बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था, जो अभियान के पश्चात् वापसी के दौरान घात लगाकर बैठे माओवादियों द्वारा अरनपुर मार्ग पर आईईड़ी विस्फोट किया गया, जिससे अभियान में शामिल 10 डीआरजी जवान + 01 ड्राइवर शहीद होने की खबर हैं। शहीद जवानों में कुछ के नाम इस प्रकार है। जोगा सोढ़ी,मुन्नाराम कड़ती,संतोष तामो,दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम,जोगा कवासी,हरिराम मण्डावी, राजू राम करटम,जयराम पोड़ियाम,जगदीश कवासी, निजी वाहन चालक-धनीराम यादव बताया जाता है कि जवान डामर रोड से आ रहे थे। लिहाजा उन्हें लगा था कि डामर रोड पर विस्फोटक नहीं लगा होगा। उनके साथ बम डिस्पोजल स्क्वाड भी नहीं था। ज्ञात हो कि झीरम में भी डामर रोड पर ही विस्फोट किया गया था।

नक्सलियों को छोड़ेंगे नहीं

इस घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि नक्सलवादियों से लड़ाई अंतिम दौर पर पहुंच चुका है। अब इन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। योजनाबद्ध तरीके से समाप्त करेंगे। मुख्यमंत्री अपनी संवेदना व्यक्त की है।

अमित शाह ने सीएम से बात की

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सली हमले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से टेलीफोन पर बात की। शाह ने घटना की पूरी जानकारी ली। शाह ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

10 महत्वपूर्ण स्थल बनाए गए हैरीटेज वॉक

ऐतिहासिक धरोहरों को देखना होगा आसान

रायपुर,26 अप्रैल। ■ तरुण छत्तीसगढ़

अपने शहर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक विरासतों के दर्शन अब आम नागरिकों के लिए काफी आसान होंगे और उनके लिए यह अनुभव सुंदर और यादगार हो जाएगा। हैरीटेज वाक की अनुपम विरासत आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नागरिकों को दी। आजादी के दौर के गवाह रहे ऐतिहासिक टाउन हाल से शुरू करते हुए प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत दिखाने वाली महाकौशल कलावीथिका की झलक लेते हुए नागरिक शहर की सबसे पुरानी बस्ती में प्रवेश करेंगे और यहां ऐतिहासिक धार्मिक धरोहरों को देखेंगे। वे नागरीदास मंदिर, जैतूसाव मठ आदि से गुजरते हुए पूरा रूट देखेंगे। इसे एक करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री सबसे पहले जैतूसाव मठ पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की पूजा अर्चना की। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इसके बाद हनुमान बावली पहुंचे जहां उन्होंने हनुमान

जी की पूजा की। बताते हैं कि यह बावली बहुत पुरानी है। पांच सौ साल पहले इसके भीतर से लोगों को हनुमान जी की प्रतिमाएं दिखीं। मान्यता के अनुसार तीन प्रतिमाएं थीं। इनमें से एक को बावली में ही स्थापित किया गया। एक मूर्ति मठपारा में स्थापित की गई। यहां के महंत हनुमान जी की पूजा कर दूध का आहर लेते हैं इस वजह से इसका नाम दूधाधारी मठ रखा गया। तीसरी मूर्ति गुढ़ियारी के मच्छी तालाब में स्थापित की गई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में यहां बावली की साफसफाई कराई गई तब बावली की भीतरी दीवारों पर वानर स्वरूप आकृति दिखाई दी जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इस रूट पर बूढ़ातालाब से लेकर किलेवाले बाबा, बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, शीतला माता मंदिर, महामाया मंदिर, नागरीदास मंदिर, महावीर व्यायाम शाला, जैतूसाव मठ, जगन्नाथ मंदिर और टूरी हटरी को जोड़ा गया है।

हैरीटेज वाक रूट प्रोजेक्ट के तहत शहर की एतिहासिक बिल्डिंग टाउन हाल और महाकौशल कला वीथिका के पुनर्विकास के काम भी कराया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत बूढ़ातालाब से लेकर टूरी हटरी तक पाथवे बनाने, पाथवे पर बिजली लगाने, पर्यटकों के बैठने के लिए 40 विभिन्न स्थानों पर आकर्षक बैंच लगाने 216 सोलर पोस्ट लगाने के काम किए गए है। पूरे मार्ग पर साढ़े तीन हजार वर्ग मीटर आकर्षक पेटिंग कराई गई है। हैरीटेज वाक रूट के स्थलों के लिए रोड मार्किंग और आकर्षक साइन बोर्ड भी लगाये गये है।

महंगाई व पेट्रोल-डीजल के दाम कम करें तब सुनेंगे मन की बात : लखमा

रायपुर,26 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रेडियो वार्ता 'मन की बात' के सौवें एपीसोड के प्रसारण पर तंज कसते हुए मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि 15 लाख रुपए काला धन मिले तो सुनेंगे, महंगाई कम करें, पेट्रोल-डीजल के दाम कम करें तो सुनेंगे. झूठ बोलने से कोई नहीं सुनेगा 'मन की बात'. फालतू बात को क्यों सुने हम, हमें कोई और काम नहीं? कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए रवाना होने से पहले मंत्री कवासी लखमा ने मीडिया से चर्चा की.

इस दौरान उन्होंने बीजेपी प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के बस्तर दौरे पर कहा कि बस्तर संभाग में ओम माथुर जा रहे हैं, लेकिन प्रियंका गांधी की रैली में काफी भीड़ आई थी. प्रियंका की रैली देखकर बीजेपी घबराई हुई है. केंद्र में यूपीए सरकार थी, तो हर जिले को 30 करोड़ मिलता था. भूपेश बघेल की सरकार बस्तर के लिए काफी काम कर रही है. हर गाँव मे देवगुड़ी बना है, वहां के पुजारी को 7 हजार मिल रहा है. उन्होंने कहा कि केदार कश्यप सबसे लंबे समय तक मंत्री रहे. उन्होंने 3 हजार स्कूल बंद कर दिए. आज वहां पर आदिवासी भवन बन रहा है. बीजेपी-आरएसएस कितना भी कर ले इस बार भी 12 सीट जीतेंगे. इस बार भी भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनेगी. भाजपा के पास मुद्दे नहीं हैं. दौरे पर जाना है, तो जाए, लेकिन कांग्रेस मजबूत है. वहीं कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर कवासी लखमा ने कहा कि 13 दिनों तक कर्नाटक में रहूंगा. हाईकमान ने मुझे जिम्मेदारी दी है. धारवाड़ जिला में कांग्रेस की नीति को जनता के बीच के बताएंगे. मैं कोशिश करूँगा उस क्षेत्र के लोगों को, जो देश मे चल रहा है, उसके बारे में बता सकूं. केंद्र सरकार आतंक मचा कर रखा है. आज देश सुरक्षित नहीं है इसे जनता के बीच रखेंगे. कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनेगी. बता दें कि कवासी लखमा को कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में धारवाड़ जिले का ऑब्जर्वर बनाया है.

जब रेस्टॉरेंट पहुंचकर खुद डोसा बनाने लगी प्रियंका गांधी

बेंगलुरु,26 अप्रैल। कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। चुनाव की तारीख नजदीक आता देख सभी राजनीतिक दल चुनावी दौरा करने पहुंच रहे हैं। इसी सिलसिले में प्रियंका गांधी वाड्रा भी पहुंची थी लेकिन इस दौरान उनका अलग ही अंदाज देखने को मिला था जिसके बाद हर कोई हैरान हो गया। प्रियंका गांधी अपने प्रचार के दौरान एक रेस्टॉरेंट पहुंची जहां वे डोसा खाने नहीं बल्कि बनाने लग गई। ये देख कर हर कोई हैरान गया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के मैसूर के एक होटल में डोसा बनाने में हाथ आजमाया। प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस के साथी नेता डीके शिवकुमार और रणदीप सिंह सुरजेवाला भी शामिल हुए। उनका डोसा बनाए का ये वीडियो सोशल मीडिया में काफी वायरल हो गया। रेस्टॉरेंट का नाम Mylari Hotel है, जो मैसूरु के सबसे पुराने भोजन स्थलों में से एक है। प्रियंका गांधी ने इसके बाद होटल के मालिक और उनके परिवार का शुक्रिया अदा किया और उनके साथ सेल्फी ली।

आमिर खान ने की मोदी की जमकर तारीफ

नई दिल्ली,26 अप्रैल। प्रसार भारती ने राजधानी दिल्ली में मन की बात@100% कार्यक्रम का आयोजन किया जिनमें उन 100 लोगों को बुलाया गया था जिनके बारे में प्रधानमंत्री मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम में बात कर चुके हैं। बॉलिवुड अभिनेता

आमिर खान और अभिनेत्री रवीना टंडन भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। आमिर खान ने प्रधानमंत्री मोदी और इस कार्यक्रम की तारीफ की। उन्होंने कहा, यह बहुत ही बड़ी बात है कि देश का नेता लोगों के साथ बात कर रहा है और अपने विचार रख रहा है। लोगों से सलाह भी ले रहा है। उन्होंने कहा, मन की बात कार्यक्राम को लोगों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है। यह बहुत ही ऐतिहासिक बात है।

बता दें कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी अपने 100वें मन की बात कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करेंगे। प्रसार भारती ने इस मौके पर सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में अभिनेता आमिर खान, रवीना टंडन, पुदुचेरी की राज्यपाल किरण बेदी, खिलाड़ी निकहत जरीन और दीपा मलिक, संगीतकार रिक्की केज जैसी कई हस्तियां शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि हैं। यह कार्यक्रम चार सत्रों में संपन्न होना है। पहले सत्र का नाम नारी शक्ति रखा गया। दूसरे सत्र का विरासत से उत्थान, तीसरे सत्र का जन संवाद से आत्मनिर्भरता, चौथे सत्र का विषय आह्वान से जन आंदोलन तक रखा गया है। इस कार्यक्रम के समापन सत्र को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। इस मौके पर एक स्टैंप और सिक्के का भी लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी समेत कई अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे।

दो बाइक भिड़े, महिला सहित 3 की मौत

जांजगीर-चांपा,26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां तेज रफ्तार दो बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई. इस हादसे में महिला समेत तीन की मौत हो गई. वहीं एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल है. घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है. यह मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, नवागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत केरा रोड जगमहंत चौक के पास दो बाइक में भिड़ंत हो गई. दोनों बाइक में दो-दो लोग सवार थे, टक्कर इतना जोरदार था की एक युवक की मौके पर मौत हो गई. वहीं अन्य घायलों को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया. जहां घायल महिला और एक पुरुष को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. हादसे में घायल एक युवक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है. घटना में 2 मृतक युवक भडेसर गांव के बताए जा रहे हैं. वहीं मृत महिला बिलाईगढ़ की बताई जा रही है. फ़िलहाल इस पूरे मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.

पिकअप पलटी एक की मौत

कवर्धा,26 अप्रैल। जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां एक तेज रफ्तार पिकअप दलदली के पास पलट गई. घटना इतनी भयानक थी कि मौके पर ही एक की मौत हो गई. वहीं 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया. हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया. जानकारी के अनुसार, पीपर खुटा बाजार से लौटने के दौरान हादसा हुआ है. मृतक का नाम मान सिंह बताया जा रहा है. हादसे के वक्त पिकअप वाहन में 15 लोग सवार थे. फिरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

पंजाब पहुंचे पीएम मोदी, बादल को दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़,26 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए चंडीगढ़ में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पार्टी कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने प्रकाश सिंह बादल को अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रधानमंत्री काफी उदास नजए आए। एक सप्ताह पहले मोहाली में अस्पताल में भर्ती होने के बाद मंगलवार को 95 वर्षीय प्रकाश सिंह बादल का निधन हो गया था। हाल ही में, बादल की पार्टी ने 2020 में किसानों के विरोध के मद्देनजर भाजपा से नाता तोड़ लिया था।

प्रकाश सिंह बादल के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर अपना दुख प्रकट किया था। उन्होंने ट्वीट में कहा था कि प्रकाश सिंह बादल के निधन से अत्यंत दुखी हूं। वह भारतीय

राजनीति के एक विशाल व्यक्तित्व और एक उल्लेखनीय राजनेता थे। उन्होंने हमारे राष्ट्र के विकास में अहम योगदान दिया। उन्होंने पंजाब की प्रगति के लिए अथक प्रयास किए और महत्वपूर्ण समय के दौरान राज्य को नेतृत्व प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे उनके साथ हुई कई बातचीत याद है, जिसमें उनका विवेक हमेशा स्पष्ट रूप से झलकता था। उनके परिवार और अनगिनत समर्थकों के प्रति संवेदना। केंद्र सरकार ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन के मद्देनजर पूरे देश में दो दिन यानी 26 और 27 अप्रैल को राजकीय शोक की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार देर रात सभी राज्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि बादल का 25 अप्रैल को निधन हो गया और केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि दिवंगत नेता के सम्मान में पूरे देश में 26 और 27 अप्रैल को दो दिनों का राजकीय शोक रहेगा। पंजाब की राजनीति के दिग्गज नेता बादल पहली बार 1970 में मुख्यमंत्री बने और उन्होंने एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, जिसने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। इसके बाद वह 1977-80, 1997-2002, 2007-12 और 2012-2017 में भी राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

सूडान से 135 भारतीयों का तीसरा जत्था सऊदी अरब पहुंचा

नई दिल्ली,26 अप्रैल। भारत से 5 हजार किलोमीटर दूर सूडान है, जहां सत्ता पर कब्जे के लिए सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बीच युद्ध चल रहा है। गृह युद्ध

वाले सूडान में करीब 4 हजार भारतीय फंसे हुए हैं। सूडान से 286 भारतीय नागरिकों को जलमार्ग से वापस लाया गया, भारतीय वायु सेना के निकासी के पहले बैच में 121 नागरिकों को निकाला गया, और दूसरे बैच में 135 भारतीय नागरिकों को वापस लाया गया। भारत ने सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू किया था सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बल के बीच सत्ता संघर्ष चल रहा है।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के मुताबिक, 15 अप्रैल से अब तक कम से कम 459 लोग मारे गए हैं और 4,000 से ज्यादा घायल हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर के अनुसार, पहले सी130जे विमान के माध्यम से 121 नागरिकों को और दूसरे विमान से 135 लोगों को बाहर निकाला गया। भारत ने सऊदी अरब के शहर जेद्दा में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है ताकि सूडान से भारतीय नागरिकों को निकालने में सुविधा हो सके। ज्ञात हो कि सूडान में करीब 3000 भारतीयों को निकालने के लिए अभियान शुरू किया गया है। पीएम मोदी ने कोच्चि में युवम कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा था कि सूडान में गृहयुद्ध के कारण हमारे कई लोग वहां फंस गए हैं। इसलिए हमने उन्हें सुरक्षित लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू किया है। इसकी निगरानी केरल के बेटे कर रहे हैं।

कथा सुनने के साथ उसे अपने जीवन में करें आत्मसात : पं. प्रदीप मिश्रा

पं. प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से महापुराण सुनने का मौका मिलना सौभाग्य : देवेन्द्र

भिलाई। आयोजन के पहले दिन प्रदीप मिश्रा व्यास पीठ पर बिराजे। भव्य पूजा आरती की गई और हर हर महादेव के जयकारे के साथ के साथ कथा शुरू की गई। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव अपनी माताश्री के साथ कथा स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा भोलेनाथ को प्रणाम किया और पं प्रदीप मिश्रा के दर्शन करते हुए उन्हें भी प्रणाम किये। इसके बाद अपनी माताश्री के साथ बैठकर विधायक यादव ने भी शिव महापुराण की कथा सुनी। विधायक यादव कहना है की हम सब के लिए बड़ी ही सौभाग्य की बात है कि हमारे जिले में हमारे भिलाई शहर में शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भिलाई की पावन धरा पं प्रदीप मिश्रा का आगमन भी बहुत ही हर्ष की बात है। उनके श्रीमुख से कथा सुनने का अवसर भी सौभाग्य से प्राप्त हुआ है।

हम शुरू से ही करते रहे हैं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन : प्रेमप्रकाश

भिलाई,26 अप्रैल। जयंती स्टेडियम स्थित आयोजन स्थल पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कथा के आयोजन को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 25 तारीख से 1 मई तक चलने वाले इस आयोजन में कुछ कमियां दिख रही हैं । उसे आयोजन समिति के लोग दुरूस्त कर लेंगे। चूंकि पहला दिन है, आयोजनकर्ताओं ने अपनी ओर से अच्छी व्यवस्था की है। मेरा ऐसा मानना है कि इस कथा में भक्तों की संख्या बढेगी। उन्होंने इसे चुनावी रंग बताने से इंकार करते हुए कहा कि चुनाव हमेशा होता है, हम शुरू से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे हैं। जिसमें रामनवमी, हनुमान जयंती, परशुराम जयंती सहित अन्य धार्मिक आयोजन हम कराते रहते हैं। कुछ के लिए ये नया है। शिव जी महादेवों के देव है और वह पूज्यनीय है। पं. प्रदीप मिश्रा की कथा को सुनने के लिए अन्य प्रांतों से भी यहां लोग आये हैं। तमाम भक्तों के साथ ये कथा मंगलवार से शुरू हुई है। आयोजन स्थल के चारों ओर सामाजिक संगठनो ने पानी पिलाने के लिए प्याऊ खोले हैं। साथ ही निजी अस्पताल हाईटेक, स्पर्श, शंकरा मेडिकल की स्वास्थ्य टीम भी लगातार लोगों के बीपी शुगर एवं अन्य बिमारियों की जांच कर निःशुल्क दवा देकर सेवाभाव का कार्य कर रहे हैं।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 26 अप्रैल। जीवन आनंद फाउण्डेशन एवं श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के महाशिवपुराण कथा का आयोजन मंगलवार दोपहर जयंती स्टेडियम के विशाल मैदान में शुरू हुआ। इस दौरान महाराज का कथा सुनने हजारों की संख्या में दुर्ग-भिलाई,रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर व छग के सभी जिलों के अलावा दिगर राज्यों से भी लोग भिलाई पहुंचे। कथा वाचन से पहले पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि धान का कटोरा कहलाने वाले छग का धान पूरे विश्व में विख्यात है। छग की पावन धरा भिलाई में शिव महापुराण कथा का वाचन का श्रवण करने आप लोग आये हैं। जहां संपूर्ण विश्व की इमारतों का निर्माण भूमि सौ सौ फीट की जो बिल्डिगे जो आज खड़ी हैं, वह छग के भिलाई की ही देन है। छग ने संपूर्ण भारत का बहुत कुछ दिया है और पूरे भारत की निगाह छग पर रहती है। शिव की पावन कथा को सुनने लोग आये हैं। इससे अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय के इस कर्मठ रूप से किये गये कार्य की खुलेमन से प्रशंसा की। कथा वाचक मिश्रा ने आगे कहा कि पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय सनातन के लिए हमेशा आगे रहते हैं। जीवन में आगे भी ऐसे ही आगे बढ़ाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच वाचन किया। 1 मई तक कथा वाचन चलेगा।

एक नजर

कलेक्टर ने उच्च शिक्षा के लिए 9 निःशक्त छात्रों को 54 हजार रुपए का चेक बांटा

कवर्धा,26 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पण्डा ने बताया कि कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को ''क्षितिज-अपार संभावनाए'' अंतर्गत उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् नियमित निःशक्त छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदाय योजनांतर्गत महाविद्यालयों में अध्ययनरत् नियमित निःशक्त विद्यार्थी श्री राजू सोनले, कु.नेमीन सतनामी, श्री दिनु पटेल, श्री गंगाराम धुर्वे, श्री गुहराराम धुर्वे, श्री रोहित यादव, श्री गोविन्द राम, श्री जितेन्द्र टंडन एवं श्री रूपेश नेताम को राशि 6000-6000 हजार रूपए कुल 54 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि का चेक वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे जनचौपाल में नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उसकों गंभीरता से लेते हुए हर संभव मदद के लिए आश्वस्त करते है और तत्काल हितग्राहियों को लाभन्वित भी किया जाता है। कलेक्टर द्वारा जनचौपाल में सभी समस्याओं, मांग और शिकायतों का जांच कर निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को देते है। जनचौपाल में विगत दिनों दिव्यांगों ने अपनी समस्या से कलेक्टर श्री महोबे को अवगत कराया। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को त्वरित कार्यवाही कर दिव्यांगों को लाभन्वित करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा योजना के तहत राशि प्रदान कर सहायता प्रदान की।

हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

भिलाई, 26 अप्रैल। भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र रफ्तार ट्रक से बाइक सवार को ठोकर मार दी बाइक ट्रक में बुरी तरह फंस गई थी और काफी दूर तक घिसटती रही हादसे में बाइ सवार पिता और पुत्री की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला स्मृति नगर पुलिस उसकी तलाश कर सेक्टर-4 भिलाई निवासी वेंकट राव (48) अपनी पुत्री अंजली राव (22) के साथ सुबह दुर्ग इंदिरा मार्केट गए थे। दोपहर तकरीबन 1.30 बजे दोनों -बाइक से वापस लौट रहे थे। वायशेष ब्रिज पर भिलाई की तरफ उतरते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। इससे बाइक चला रहे वेंकट राव व बेटी अंजली अनियंत्रि होकर गिर पड़े और ट्रक की चपेट में आ गए प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से स्मृति नगर पुलिस चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित चालक ट्रक को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था। बाइक को सामने देखने के बाद भी वह ट्रक पर काबू नहीं रख सका, और बाइक को ठोकर मार दी। राहगीरों की सूचना पर स्मृति नगर पुलिस मौके पर पहुंची जेब में मिले कार्ड के आधार पर वेंकट राव व अंजली की पहचान हो पाई दोनों की लाश को मरच्युरी भिजवा गया है आज को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार होगा भाग निकला ट्रक चालक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक को इस बात का अहसास था कि उसने बाइक को टक्कर मारी है, तथा बाइक नीचे फंस गई है। उसके बाद भी उसने ट्रक काफी दूर जाकर रोका, और फौरन ट्रक से उतरकर भाग निकला। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी है दुर्ग वायशेष ब्रिज पर हुआ हादसा ट्रक ने मारी ठोकर ट्रक में फंसी मोटर साइकिल काफी दूर तक घिसटती रही।

कोरोना के मामले बढ़ रहे तो बचाव लिए लोगों को मास्क पहनना चाहिए

कवर्धा,26 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कबीरधाम जिले में कवर्धा शहर और जिले में कोरोना दे रही है लगातार दस्तक लेकिन सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ ने जायजा लिया तो बहुत कम लोग मास्क पहने हुए दिखे । कई लोगो का यह भी कहना है टीका लगा लिए है अब कोरोना से डर नही लगता है यह एक आम बीमारी है ।कुछ लोग मास्क पहने थे उन्होंने कहा तभी लोग मास्क पहनते जब ज्यादा कोरोना आती है । फिर भी शहर और गांव के माहौल को देखकर लगता है मास्क के प्रति जागरूकता अभियान होना चाहिए क्योंकि मार्केटिंग में भिड़ खूब हो रही है ।

मृतिका के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को चार लाख रूपया आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के धमधा तहसील के ग्राम दनिया निवासी स्व. कु. ओमेश्वरी साहू की विगत 6 अक्टूबर 2022 को नहाते समय तालाब में डुबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व आपदा प्रबंध के प्रावधानों के अनुरूप मृतिका स्व. कु. ओमेश्वरी साहू के पिता श्री अर्जुन साहू को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र संरक्षित क्षेत्र घोषित

दुर्ग। जिला मजिस्ट्रेट दुर्ग द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संयंत्र क्षेत्र एवं संयंत्र से लगे नगरीय क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक कंपनी द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा।

भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर का उत्तर मंडल पाटन ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर 25 अप्रैल दिन मंगलवार को दुर्ग में विधानसभा स्तरीय बैठक एवं संभागीय बैठक को सम्बोधित करने प्रवास पर थे इस दौरान पाटन विधान सभा के प्रवेश द्वार खारून नदी तट अमलेश्वर मे उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर एवं जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ,कैलाश यादव के नेतृत्व मे लगभग 250 कार्यकर्ताओ ने बाजा गाजा, आतिशबाजी कर साथ स्वागत किया तो जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने परम्परागत तरीके से आरती उतारकर टिका लगाकर श्री माथुर का स्वागत किया इस अवसर पर उपकार चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र साहू प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख रेवती दयानंद सोनकर जनपद सदस्य गायत्री साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष कैलाश यादव , मोहन साहू , उत्तरा सोनवानी ,रवि सिंगौर, बसंत चंद्राकर, रामाधार साहू, विकास सोनी ,मनहरण सिंगोर, ओम प्रकाश साहू, फेरहा राम ,राजकुमार ठाकुर , सोनू साहू, विनोद चंद्राकर, उत्तम चतुर्वेदी, नारायण साहू ,यशवंत जांगड़े ,शिवकुमार साहू, पारस साहू ,टीका राम साहू, मोहन साहू, संतोष साहू ,हीरा लाल साहू, दयानंद सोनकर, बाबू ठाकुर ,बलदेव पाटकर, राम साहू ,लक्ष्मी देवांगन, दुर्गा चंदेल, कांति चंद्र रोड की साहू कंचन साहू भोला शंकर शिव साहू राहुल साहू भानु प्रसाद सोनकर हितेश पटेल, गोकुल साहू, शैलेश शर्मा , विकास सिंगोर, देवा रग्गू निषाद, राजू यादव,राजू साहू, राहुल साहू, मृतुन्जय देवांगन, सुरेंद्र शर्मा के अलावा अन्य कर्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेल की परियोजना प्रमुखों की बैठक में कई मुद्दो पर चर्चा

भिलाई, 26 अप्रैल। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित सेल के परियोजना विभागों के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक के लिए भिलाई में सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों और अन्य इकाइयों के परियोजना संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी एकत्रित हुए हैं। एमपी हॉल भिलाई निवास में आयोजित हो रही परियोजनाओं के प्रमुखों की बैठक का उद्घाटन भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने आज सुबह संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों और परियोजनाओं के प्रमुखों ईडी जगदीश अरोड़ा, ईडी (प्रोजेक्ट्स) कार्पोरेट ऑफिस, डी वी जगन्नाथ, ईडी (प्रोजेक्ट्स) डीएसपी, पी मुरुगेसन, ईडी (प्रोजेक्ट्स) बीएसएल, सी आर महापात्रा, ईडी (प्रोजेक्ट्स) आरएसपी, पी के साहू सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) आर के श्रीवास्तव व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। कॉर्पोरेट ऑफिस से परियोजना प्रमुख (एचओपी), सेल के सभी पांच इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट, बोकारो स्टील लिमिटेड, दुर्गापुर स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट सहित अन्य चार विशेष और सहयोगी संयंत्र अलॉय स्टील प्लांट, वीआईएसएल, सेलम स्टील प्लांट और सीएफपी और सीईटी के कंसल्टेंट (सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) सभी परियोजना प्रमुखों की बैठक में भाग ले रहे हैं। बैठक के प्रथम दिन, प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से सेल प्रोजेक्ट्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा सामना किए जा रहे विभिन्न जटिल मुद्दों पर चर्चाओं के साथ-साथ कैपेक्स (पूंजीगत व्यय) के लक्ष्यों को पूरा करने के तरीकों पर चर्चा की। सीईटी ने नई परियोजनाओं में कार्यान्वयन के लिए बीआईएम सॉफ्टवेयर के माध्यम से परियोजना निगरानी में नवीनतम रुझान पेश करने में अग्रणी भूमिका निभाई।

जेएलएन अस्पताल में नए उपकरणों की स्थापना और सुविधाओं का उन्नयन

भिलाई, 26 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने कर्मचारियों और उनके आश्रितों के साथ-साथ संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में इलाज करने वाले निजी नागरिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। कोविड-19 महामारी के बाद सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन के साथ कार्डियक कैथ लैब को फिर से शुरू किया गया है, जिसके बाद एंजियोग्राफी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई है। साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जेएलएन अस्पताल में नए और आधुनिक उपचारात्मक उपकरणों का अधिग्रहण और स्थापना की गई है। गंभीर रूप से जले हुए रोगियों की शीघ्र रिकवरी के लिए बर्न यूनिट की उपचार सुविधा में स्किन बैंकिंग को जोड़ा गया है। स्किन बैंकिंग के लिए शेकिंग इनक्यूबेटर आइस लाइन्ड रेफ्रिजरेटर, बायोसेफ्टी कैबिनेट सहित नए उपकरण खरीदे गए। इस बीच स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (एसओटीटीओ) रायपुर के डॉक्टरों की एक टीम ने जेएनएल चिकित्सालय के स्किन बैंक का निरीक्षण किया और पांच साल की वैधता के साथ लाइसेंस जारी किया।

जेएलएन अस्पताल के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में सिंगल फोटोन एमिशन टोमोग्राफी (एसपीईसीटी) मशीन के सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने के साथ ही वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कई नए उपकरण भी लगाए गए हैं। डायग्नोस्टिक हिस्टोपैथोलॉजी में उपयोग किए जाने वाले जमे हुए (फ्रीज्ड) ऊतकों (टिश्यू) की तैयारी के लिए हिस्टोपैथोलॉजी विभाग को क्रायोस्टैट (एसएलईई) से लैस किया गया है, जहां सर्जिकल बायोप्सी का ऑपरेटिंग रूम में जल्दी से मूल्यांकन किया जा सके। फिजियोथेरेपी विभाग को नए माइक्रो वेव डायथर्मी इलेक्ट्रो मैग्नेटिक रेडिएटर ए लार्ज फील्ड रेडिएटर बीटीएल 6000 एमवी से लैस किया गया है। मेन आईसीयू, एनआईसीयू और मेन ओटी (ऑपरेशन थिएटर) में तीन पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीनें लगाई गई हैं। ईएनटी और लेबर रूम ओटी में इनबिल्ट कैमरा सिस्टम के साथ सीलिंग माउंटेड डबल डोर एलईडी ओटी लाइट्स लगाई गई हैं। इसके अलावा लेबर रूम और प्रसूति एवं स्त्री रोग ओटी में पांच मल्टी पैरा मॉनिटर, चार नई डिलीवरी टेबल और एक ओटी टेबल लगाई गई है। बीमार नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए नवजात आईसीयू (एनआईसीयू) का जीर्णोद्धार किया गया था, जिसमें मां के लिए विशेष सुविधा के साथ कमरे की व्यवस्था की गई है। शवगृह (मोर्चरी यूनिट) में दो मशीनें मंगवाई गई हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 6 शव रखने की है। नई मशीनों में डेटा लॉगर के साथ तापमान डिस्प्ले आदि सुविधा हैं, जहां संबंधित अधिकारियों द्वारा दूर से ही डेटा और अन्य मापदंडों की निगरानी की जा सकती है।

शासकीय विद्यालय अहेरी में निर्मित शौचालय का उद्घाटन व लोकार्पण

भिलाई, 26 अप्रैल। सीएसआर नंदिनी खदान द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहेरी में निर्मित दो अतिरिक्त शाला कक्ष एवं शौचालय का उद्घाटन व लोकार्पण महाप्रबंधक सह अभिकर्ता (नंदिनी खदान) पी इक्का द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (नंदिनी खदान), ओमेन टेटे, सहायक प्रबंधक (नंदिनी खदान), एस बी प्रसाद, सरपंच श्रीमती अनिता ठाकुर, शाला प्राचार्या श्रीमती प्रतिभा झा, जनपद सचिव भूपेंद्र कुमार साहू, शाला के शिक्षक, विद्यार्थीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

युवती से दुष्कर्म,आरोपी पर जुर्म दर्ज

भिलाई, 26 अप्रैल। भिलाई जान पहचान बढ़ने के बाद घर में बुलाकर युवती के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है पीड़िता की शिकायत पर मोहन नगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि उरला निवासी आरोपी विजय कुमार क्षत्रिय की जान पहचान पीड़िता के साथ थी ।

आपस में दोस्ती होने पर आरोपी ने पीड़िता को अपने घर पर बुलाया जब पीड़िता उसके घर गई तो आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी इसके बाद आरोपी ने पीड़िता से कहा कि यदि पुलिस में शिकायत करेगी या किसी को बताई तो वह उसे जान से खत्म कर देगा परेशान होकर पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है ।

अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए शीघ्र करें आवेदन

भिलाई, 26 अप्रैल। नियमों के विपरीत निर्माण करने वाले लोगों के लिए नियमितीकरण कराने का सुनहरा अवसर उन्हें मिल रहा है, इसलिए आवेदन करने में विलंब न करें शीघ्र ही नियमितीकरण के लिए आवेदन कर नियमितीकरण करा लें, क्योंकि निर्धारित तिथि के अनुसार नियमितीकरण कराने के लिए कुछ ही समय शेष है। निगम में आवेदन करने वाले ज्यादातर लोगों का नियमितीकरण हो चुका है।

भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक आवासीय व गैर आवासीय मिलाकर जिन्होंने नियमितीकरण के लिए अपना आवेदन निगम में जमा कर दिया है, उनमें से अधिकतर लोगों के नियमितीकरण हो चुके हैं, क्योंकि इसकी प्रक्रिया को भिलाई निगम द्वारा शीघ्रता से अपनाया जा रहा है। इन अनाधिकृत विकास का करा सकते है नियमितीकरण यदि किसी ने बिना बिल्डिंग परमिशन लिए निर्माण किया हो, बिल्डिंग परमिशन प्राप्त करके स्वरूप में परिवर्तन किया हो या फिर प्रदाय किए गए भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण कर लिया हो तो इसका नियमितीकरण कराया जा सकता है। इसके लिए भिलाई निगम में वास्तुविद के माध्यम से आवेदन करना होगा। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। आर्किटेक्ट की सूची समस्त जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में भी चस्पा की गई है तथा भिलाई निगम के वेबसाइट से भी आर्किटेक्ट की सूची प्राप्त की जा सकती है। भूखंड क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर तक के अनाधिकृत आवासीय निर्माण का नियमितीकरण में शास्ती से छूट मिल रही है। कैसे करे नियमितीकरण के लिए आवेदन आवेदन, मानचित्र निगम के पंजीकृत वास्तुविद/इंजीनियर से तैयार कराकर आवेदन करना होगा। आवेदन निर्धारित प्रारूप में चेक लिस्ट के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आर्किटेक्ट की सूची भी इस वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। अनाधिकृत निर्माण दिनांक 14 जुलाई 2022 के पूर्व से निर्मित है इस संबंध में साक्ष्य के रूप में भवन का बिजली बिल, प्रॉपर्टी टैक्स जिसमें तारीख अंकित हो जमा करना आवश्यक है, अन्य दस्तावेज आवेदन के प्रारूप एक में चेक लिस्ट के अनुसार संलग्न करके आवेदन करना होगा। नियमितीकरण कराने के लिए अधिक जानकारी के संबंध में इस नंबर पर करें संपर्क नियमितीकरण करने के लिए भवन अनुज्ञा शाखा के उप अभियंता शहबाज अहमद के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं तथा नियमितीकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ले सकते हैं। नियमितीकरण के संबंध में किसी भी प्रकार से भटकने की आवश्यकता नहीं है सीधे इस नंबर में संपर्क करके नियमितीकरण की प्रारंभिक प्रक्रिया से लेकर सभी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी मिल जाएगी तथा आवेदन किस प्रकार से करना है इन सभी की जानकारी भी इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मिल पाएगी।

वैशाली नगर जोन क्षेत्र में सड़कों का हो रहा डामरीकरण

भिलाई, 26 अप्रैल। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत वैशाली नगर जोन क्षेत्र में कई सड़कों का डामरीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर अमल करते हुए सड़कों के डामरीकरण का काम भिलाई निगम क्षेत्र में शीघ्रता से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में लगभग एक करोड़ की लागत से वैशाली नगर क्षेत्र के इंदिरा चौक से गौरव पथ तक, वैशाली नगर जोन कार्यालय के चारों तरफ की सड़क, भगत सिंह चौक से गौरव पथ तक की सड़क तथा भगत चौक से हनुमान मंदिर तक की सड़क का डामरीकरण हो रहा है। इनमें से ज्यादातर सड़कों के डामरीकरण का प्रथम लेयर का काम पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही द्वितीय लेयर का काम प्रारंभ होगा। लगभग 2 किलोमीटर की यह सड़कें आवागमन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन सड़कों की हालत काफी खराब हो चुकी थी, आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता था जिसको देखते हुए महापौर नीरज पाल ने इन सड़कों को दुरुस्त करने का फैसला लेकर इनके डामरीकरण कार्य को करने अधिकारियों को निर्देशित किए। जिसके चलते सड़कों का डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है कुछ ही दिनों में यह कार्य पूर्ण हो जाएगा और लोगों को आने जाने में और असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। बारिश और रात के समय में भी लोग आसानी से आवागमन कर पाएंगे। वही प्रमुख सड़क होने के कारण गंतव्य की ओर जाने में भी समस्या नहीं होगी। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने शीघ्र ही सड़कों के डामरीकरण कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं, उन्होंने गुणवत्ता का भी ध्यान रखने कहा है। जिसके चलते भिलाई में सड़कों की स्थितियों को सुधारने का काम निगम प्रशासन के द्वारा तेजी किया जा रहा है। जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर के अधिकारी येशा लहरें तथा अभियंता अरविंद सिंह तथा बसंत साहू लगातार डामरीकरण कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। भिलाई में कई सड़कों को दुरुस्त करने का काम पूर्ण किया जा चुका है, जिसके चलते लोग आसानी से आवागमन कर रहे हैं।

दोस्तों के साथ नहाने गए जीतेश राय की नदी में डूबने से मौत

भिलाई,26 अप्रैल। सिकोला बस्ती निवासी जीतेश राय तीन अन्य दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी में नहाने गया था तीन दोस्तों को नदी में नहाते देख जीतेश राय भी कूद पड़ा गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई पुलिस की सूचना पर गोताखोरों ने लाश बाहर निकाला घटना सोमवार की है मृतक का नाम जीतेश राय बताया गया है वह सिकोला बस्ती के जयंती नगर का निवासी था जीतेश दसवी का छात्र था पुलिस के मुताबिक जीतेश अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी दुर्ग गया था दोस्तों के हवाले से पुलिस ने बताया कि दोस्तों को नहाते देख जीतेश ने भी नदी में छलांग लगा दिया उसे घहरे पानी का अंदाजा नहीं हुआ और वह डूबने लगा काफी देर तक जब वह पानी से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने मदद के लिए चिल्लाना शुरू किया आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा तत्काल गोताखोरों को बुलाया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी एक घंटे बाद जीतेश को पानी से बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।

एक नजर

आखातीज में पहले मूक पक्षियों को दाना पानी दिया फिर त्यौहार मनाया

रायपुर 26 अप्रैल। आखातीज पर्व के अवसर पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के जीवन की घटना 1 वर्ष 39 दिन उपवास फिर अक्षय तृतीया पर पारणे की घटना से प्रेरणा लेकर जीवदया की ओर कदम बढ़ाया । आदिनाथ भगवान के जीवन की घटना हमें प्रेरणा देती है । घटना इस प्रकार है कि पूर्व भव में एक बैल बार बार खाने की सामग्री में मुंह डालकर खाने का प्रयास कर रहा था और उसका मालिक इसके लिए उस बैल को बार बार पिटाई कर रहा था । भगवान आदिनाथ उस भव में बैल की पिटाई से दु:खी हो रहे थे , बैल पर जीवदया के भाव से उसके मालिक को सलाह दी कि इसका मुँह पर छीका बांध दो तो यह खाने में मुंह नही डालेगा और पिटाई से बच जावेगा । मालिक ने सलाह मानकर बैल का मुँह बंधवा दिया । बैल पिटाई से तो बच गया लेकिन भोजन में अंतराय हो गई , जिसके परिणाम स्वरूप भगवान आदिनाथ के भोजन में अंतराय आई । परन्तु भगवान ने कर्मों के परिणाम को उपवास तप के क्रम में बदलकर कर्मों की निर्जरा की । क्या यह घटना हमें जयणा पूर्वक जीवदया करने की प्रेरणा देती है । अनेक श्रद्धालुओं ने आज जिनमंदिर व दादाबाड़ी के दर्शन पूजन पश्चात पक्षियों के लिए दाना फीडर व सकोरा लिया , घर जाकर सर्वप्रथम फ़ीडर में दाना भरा , फ़ीडर व पानी भरे सकोरे को बाल्कनी , छत या गार्डन में रखा में रखा । जीवदया करने के बाद ही आज का पारम्परिक खीच घी इमलानी व बड़ी की सब्जी का सामुहिक भोजन गृहण किया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि अरिहंत हार्ट्स्ट के बाजू मूक पशु पक्षियों के लंगर में चारा दाना पानी की सेवा की गई । सोमवार को श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर , भैरव सोसायटी , पचपेड़ी नाका में प्रातः 9 . 30 से 10 . 30 बजे तक दाना फ़ीडर व सकोरे का वितरण किया जावेगा ।

पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेवलपमेंट लीडरशिप 2024 में प्रवेश प्रारंभ

रायपुर 26 अप्रैल। 11 माह के अंश-कालिक डिप्लोमा प्रोग्राम की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि प्रतिभागी इस पाठ्यक्रम में नामांकन कराने के साथ अपना मौजूदा कार्य और रोजग़ार जारी रख सकते हैं। यह तीन अवधियों का ऑन-कैंपस और ऑनलाइन लर्निंग का मिलाजुला प्रोग्राम है। यह प्रोग्राम डेवलपमेंट सेक्टर में आठ या अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले मध्य से वरिष्ठ स्तर के प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किया गया है, जो अपने संगठनों/संस्थाओं में पहले से ही लीडरशिप भूमिकाओं में हैं या शीघ्र ही ऐसी भूमिकाएं अपनाने वाले हैं। यह एनजीओ, सामाजिक आंदोलनों और जमीनी स्तर के संगठनों में कार्य कर रहे व्यक्तियों के लिए खुला है। यह प्रोग्राम प्रतिभागियों को उनके कार्य के लिए बेहतर ढंग से जानकारी प्रदान करने के लिए भारत में डेवलपमेंट संबंधी वास्तविकताओं को आकार प्रदान करने वाली ऐतिहासिक प्रक्रियाओं और जीवन के वास्तविक अनुभवों के बारे में उनके दृष्टिकोण को गहरा बनाएगा। साथ ही डेवलपमेंट संबंधी ऐसे वैकल्पिकदृष्टिकोणों और परिणामों की कल्पना करने में मददगार होगा जो समता, न्याय और स्थायित्व को बढ़ावा देते हों। इसके अलावा समावेशी,अनुकूली और सहयोगी संगठनों के निर्माण के लिए लीडरशिप संबंधी क्षमताओं को मजबूती प्रदान करेगा। डेवलपमेंट एक्शन और एडवोकेसी के लिए वित्तीय प्रबंधन, डेटा विश्लेषण एवं संचार/संप्रेषण की निगरानी के लिए विश्लेषणात्मक,संचार/संप्रेषण और अन्य क्षमताओं में वृद्धि करेगा।

10 राजस्व उप निरीक्षक राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नत

रायपुर 26 अप्रैल। नगर पालिक निगम रायपुर की विभागीय पदोन्नति समिति की दिनांक 11 अप्रैल 2023 की बैठक में अनुशंसित अनुसार नगर निगम के राजस्व निरीक्षक सर्वश्री प्रमोद राव जाधव, मानकू राम धीवर, अमरनाथ साहू, विजय कुमार शर्मा को सहायक राजस्व अधिकारी के पद पर पदोन्नति अवधि के अधीन वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4200 वेतन मेट्रिक्स लेबल - 8 में पदोन्नति दी गयी है. वहीं राजस्व उप निरीक्षक सर्वश्री राजू दुबे, राजेन्द्र कुमार, वल्लभ शर्मा, सुनील कुमार ध्रुव, मनीष कुमार मरकाम, राम सेन्द्रे, नरेन्द्र सोनी, महादेव रक्सेल, कैलाश कुमार मरकाम, सुनील रघुवंशी को राजस्व निरीक्षक पद पर विभागीय पदोन्नति समिति की दिनांक 11 अप्रैल 2023 की बैठक में अनुशंसित अनुसार परिविक्षा अवधि के अधीन वेतनमान 5200-20200 ग्रैड पे - 2800 वेतन मेट्रिक्स लेबल -7 में पदोन्नति दी गयी है. उक्ताशय का आदेश नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी ने नगर निगम सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी करते हुए तत्काल प्रभावशील कर दिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 167 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

रायपुर, 26 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बोरियाखुर्द में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को 167 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 36 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और 126 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नगर पालिक निगम रायपुर के 09 कार्यों के लिए 38 करोड़ 02 लाख 79 हजार रुपये, नगर पालिक निगम बीरगांव के 16 कार्यों के लिए 05 करोड़ 78 लाख 76 हजार रुपये तथा लोक निर्माण विभाग के 12 विभिन्न विकास कार्यों के लिए 38 करोड़ 56 हजार , नगर पंचायत माना के विकास कार्यों के लिए 44 करोड़ 37 लाख रुपये,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित विकास कार्यों के लिए 19 लाख 36 हजार रुपये के कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के लिए 04 करोड़ 03 लाख 22 हजार की लागत के 02 विकास कार्यों का भी शिलान्यास किया।

विकास की इबारत लिखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 36.57 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। इनमें नगर पालिक निगम रायपुर के 13 कार्यों के लिए 32 करोड़ 76 लाख 33 हजार, नगर पालिक निगम बिरगांव के 02 कार्यों के लिए 74 लाख 87 हजार, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्य के लिए 50 लाख 36 हजार, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन के 01 कार्य के लिए 02 करोड़ 56 लाख 41 हजार रुपये की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विकास की विभिन्न सौगात देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों और आम जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है।

प्रतिबंधित प्लास्टिक पर नगर निगम ने की आज भी कार्रवाई

राजनांदगांव 26 अप्रैल। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने नगर निगम प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही के तहत प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर जुर्माना कर जप्ती की जा रही है। इसी कडी में आज गुरूद्वारा रोड में अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते पाये गये 6 फल ठेला वालों पर कार्यवाही करते हुये 6 सौ रूपये जुर्माना कर 1.40 किलो पालीथिन जप्त किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं आमजनों व जीव-जन्तुओं को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडे कदम उठा रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कडी कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने के साथ साथ मानव जीवन सहित जीव जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल नुकसान पहुचा रहा है, फिर भी लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। इसके नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला भी शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर लगातार कडी कार्यवाही

की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज गुरूद्वारा रोड के 6 फल ठेला वाले में दीपक चौहान, गोविन्द सोनकर, अजय सोनकर, दुर्गेश सोनकर, सुरेश सोनकर एवं महेन्द्र सोनकर से 1-1 सौ रूपये इस प्रकार कुल 6 सौ रूपये अर्थदण्ड वसूला गया एवं 1.40 किलो प्रतिबंधित पालीथिन जप्त की गयी, उक्त अभियान निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों व ठेला खोमचा की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे का थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे, ताकि प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

बोरे बासी दिवस पर सबकी सहभागिता रहे:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 26 अप्रैल। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कहा कि एक मई श्रम दिवस के अवसर पर बोरे बासी दिवस मनाया जाएगा। शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खान-पान, रहन सहन एवं कला को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बोरे बासी दिवस की तैयारी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 3 मई को दिव्यांगजनों के लिए कैलिपर तैयार करने हेतु डोंगरगांव के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां दिव्यांगजनों के हाथ एवं पैरों की माप ली जाएगी तथा उन्हें कृत्रिम हाथ-पैर बनाकर दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग इस कार्य के लिए नोडल होंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग तथा समाज कल्याण विभाग आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। शिविर में मेडिकल बोर्ड होगा तथा दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। नशा मुक्ति के लिए

काउंसलिंग की जाएगी तथा बेस्ट कैअर जागरूकता के लिए कार्यक्रम होंगे। राजनांदगांव जिले के 4 विकासखंड एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के 3 विकासखंड के नागरिक शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल, टेंट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। छात्रावास, आश्रम एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि एसीसीईआरटी द्वारा जिले में किए गए नवाचार सभी प्राथमिक स्कूलों में स्मार्ट टीवी उपलब्धता के लिए प्रशंसा की गई है। उन्होंने शिक्षा विभाग तथा इस अभियान से जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदनों का सत्यापन शीघ्र करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। अभियान में एनजीओ के साथ बैंकर्स को भी शामिल करें। इसके लिए व्यवस्था बनाते हुए कार्य करें तथा गंभीर कुपोषित बच्चों को समय पर सुपोषण किट का वितरण करें। उन्होंने कहा कि हमर परिवार हेलमेट परिवार अभियान अंतर्गत सभी नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि आपके एक प्रयास से किसी का जीवन सुरक्षित हो सकता है। उन्होने सभी सचिव एवं तकनीकी सहायक को भी ग्रुप से हमर परिवार हेलमेट परिवार व्हाटएप ग्रुप में जोडने के लिए कहा। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गति लाने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया जा रहा है। इसके लिए निर्माणाधीन स्वास्थ्य कुटीर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 8 से 25 मई 2023 तक समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसकी पूरी तैयारी रखें।

जनचौपाल में दिव्यांग सोहन लाल को मिली ट्राइसाइकिल

राजनांदगांव 26 अप्रैल। आज का जन- चौपाल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अचानकपुर-भाटापारा निवासी दिव्यांग श्री सोहन लाल साहू के लिए बहुत खास रहा। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देशन में आज जन-चौपाल में दिव्यांग श्री सोहन लाल साहू को बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया। श्री सोहन लाल साहू ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने पर उन्हें अब कहीं आने जाने में असुविधा नहीं होगी और जीवन आसान होगा। वे अपना लघु व्यवसाय के माध्यम से आजीविका चला रहे हैं। बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिल जाने से अब राहत मिलेगी और अपने दैनिक कार्य आसानी से कर सकेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 17 अप्रैल से 12 मई तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव 26 अप्रैल। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जनवरी एवं फरवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 17 अप्रैल 2023 से 12 मई 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 27 अप्रैल को स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में, कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाड़ी सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 28 अप्रैल को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय मोहारा में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हरदी में एवं 29 अप्रैल को मोहड़ वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय मोहड़ में व रानी जोतकुंवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गौठान सिंगर्दई में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान में रखते हुये मास्क लगाकर, सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

सीएम की शह पर पुलिस का गुंडाराज:संजय

रायपुर 26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने जशपुर जिले में भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य व संत समाज से जुड़े गेंदलाल सिंह पर पुलिस बर्बरता के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि वे अपने निहित स्वार्थ वश समूचे प्रदेश को आतंक और अराजकता की आग में झोंक देना चाहते हैं। एक चुने हुए जन प्रतिनिधि के विरुद्ध ऐसा असभ्य आचरण करना, केवल इसलिए उन्हें सरेआम पिटवाना क्योंकि वे भाजपा के समर्थक और संत परिवार से हैं, भूपेशबघेल की हिंदू द्रोही, तानाशाह मानसिकता का द्योतक है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री ने केवल विरोधी दल के नेताओं को बल्कि अपनी पार्टी के अन्य गुट के नेताओं को भी आतंकित करके रखना चाहते हैं। जिस प्रदेश में गृह विभाग के संसदीय सचिव अर्थात् राज्य मंत्री के सगे भाई द्धद्ध तक सुरक्षित नहीं हैं, जिस गृह विभाग पर कानून व्यवस्था का दायित्व है, उसके राज्य मंत्री के ओहदेदार का परिवार अगर पुलिस अधिकारियों के हाथों इस तरह सरेआम पीटा जा रहा है तो प्रदेश की आम जनता के खौफ के बारे में कल्पना की जा सकती है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि गाहिरा गुरु समूचे छत्तीसगढ़ में पूज्य हैं। स्वयं चिंतामणि महराज प्रतिष्ठित आध्यात्मिक व्यक्तित्व हैं। उनके भाई के साथ हुई इस हैवानियत की जितनी भर्त्सना की जाय, वह कम है। दोषी पुलिस वालों को तुरंत बर्खास्त केस चलाया जाए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हाथ जोड़ कर पूरे छत्तीसगढ़ से माफ़ी माँगें और इस कृत्य की उच्च स्तरीय जांच की जाए।

मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था पर ध्यान दें, तो जनता का भला होगा:विजय शर्मा

रायपुर 26 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि गुड्डू मुस्लिम के छत्तीसगढ़ में छिपे होने की खबर छत्तीसगढ़ के लिए गंभीर चिंता का विषय तो है ही, साथ-साथ इसमें कांग्रेस की प्रदेश सरकार की लापरवाही और तुष्टिकरण की राजनीति भी साफ नजर आ रही है। श्री शर्मा ने कहा कि गुड्डू मुस्लिम के मसले पर बजाय पुलिस को जांच के निर्देश देने के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था का रोना-धोना मचाए बैठे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के एटीएस द्वारा गुड्डू मुस्लिम के छत्तीसगढ़ में होने की आशंका जताने पर सर्च टीम बनाने के बजाय उत्तरप्रदेश में दुर्दांत माफिया अतीक अहमद के मारे जाने को कानून-व्यवस्था का मसला बताकर मुख्यमंत्री बघेल इस बात का मातम मना रहे हैं कि वहां मीडिया के सामने किसी की हत्या हो जाती है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल तुष्टिकरण के लिये अतीक अहमद के नाम पर प्रलाप करें, लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता भली-भांति जानती है कि मरने वाला अतीक दुर्दांत अपराधी था और उसे मारने वाले भी अपराधी हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गुड्डू मुस्लिम को लेकर मुख्यमंत्री बघेल की अनभिज्ञता की वजह यही है कि स्थानीय सूचना तंत्र की पूरी टीम तो भाजपा नेताओं के पीछे लगी है, तो गुड्डू मुस्लिम या अपराधियों का पता कौन लगाएगा, सरकार को इसकी खबर कौन देगा?

6 वर्षो में 15000 यूनिट रक्तदान लोगों ने किया: फनेन्द्र जैन

■ 6वां स्थापना दिवस रक्तवीरों से केक कटवाकर मनाया गया

राजनांदगांव 26 अप्रैल। नांदगांव ब्लड सेंटर के 6वां स्थापना दिवस के अवसर पर नांदगांव ब्लड सेंटर में स्थापना दिवस बहुत उत्साह के साथ रक्तवीरों द्वारा केक कटवाकर मनाया गया । जिसमें नांदगांव ब्लड सेंटर के संचालक , सह संचालक एवं जिला रक्तवीर संगठन से रक्तमित्र फनेन्द्र जैन, युवा रक्तवीर सेवार्थ समूह डोंगरगांव से गुलशन पटेल छात्र युवा मंच राजनांदगांव से नागेश यदु उपस्थित हुए ।

6 वां स्थापना दिवस के अवसर पर जनक सोनवानी ए प्लस,रोहन नवलखा एबी निगेटिव,केजन दास एबी निगेटिव,तोरनलाल ओ निगेटिव, खिलेश्वर वर्मा ए प्लस, श्रवण कुमार ओ प्लस, तामेश्वर कुमार बी प्लस, सुरेन्द्र कुमार ओ प्लस, कमलेश कुमार ओ प्लस, संजय कुमार एबी प्लस,चेतन कुमार बी प्लस, नितेश कुमार ओ प्लस, विनय पटेल ए प्लस प्रेमलाल ए प्लस, आकाश साहू ओ प्लस मनोज ए प्लस,नेतराम ए प्लस,गोपाल दास ओ प्लस,देवराज वर्मा बी प्लस,मंजू देवांगन बी प्लस, कृष्णा कुमार बी प्लस, शिरीष जैन ए प्लस, अशोक साहू ए प्लस, चुगमन साहू ओ प्लस, तोरणलाल ओ निगेटिव,कुशल सिन्हा ए प्लस,शैलेन्द्र देवांगन ओ प्लस,पुनीत भारती बी प्लस जीवन रक्षक रक्तदान किया गया जिसमे कुल 25 यूनिट रक्तदान हुआ किया ।

रक्तदान महादान फनेन्द्र जैन ने बताया की विगत 6 वर्षो में 15000 यूनिट ब्लड रक्तदान शिविरो से एवं स्वेश्विक मोबाइल से फोन करके रक्तवीरो के सहयोग से लगातार जीवन रक्षक रक्त सहायता की जा रही है बिना एक्सचेंज रक्त सहायता एवं रक्तदान को जन अभियान बनाकर हर घर रक्तदाता घर घर रक्तदाता अभियान चलाया जा रहा है ।

नेशनल पोकर सीरीज इंडिया का रिकॉर्ड भागीदारी के साथ समापन

रायपुर 26 अप्रैल। पोकरबाजी पर आयोजित भारत की प्रतिष्ठित पोकर सीरीज, नेशनल पोकर सीराज इंडिया (एनपीएस) 2023 के तीसरे संस्?करण का काफी उत्साहवर्धक और जोशीले अंदाज में समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर के पोकर के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आए। उन्होंने 18 दिन की कड़ी मेहनत के बाद यह प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया। ये तीनों भारतीय खिलाड़ी वैश्विक स्?तर पर लासवेगास में होने वाली पोकरबाजी की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कड़ी प्रतियोगिता में, बिहार के दरभंगा में रहने वाले विक्रम मिश्रा विजेता बनकर उभरे। उन्होंने तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर मेडल लीडरबोर्ड पर 40 पॉइंट दर्ज किए। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए हरियाणा के अनिर्बन दास और उत्तरप्रदेश के अब्दुल अजीज अंसारी में कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें अनिर्बन ने अंसारी को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। दोनों खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया था। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी का फैसला खेल में शामिल खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर हुआ। 2023 में हुई प्रतियोगिता में कुल 107 टूर्नामेंट हुए जिसमें खिलाड़ियों की भागीदारी के मामले में पिछले सभी रेकॉर्ड टूट गए। 2022 में इस टूर्नामेंट में 96 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जबकि 2023 में इस प्रतियोगिता में 1.25 लाख से अधिक खिलाड़ियों ने भागीदारी की। देश भर के खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में भागीदारी के बीच दिल्ली के खिलाड़ियों ने 55 मेडल जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र ने 51 मेडल के साथ प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया।

विधायक ने 5 लाख के चबूतरा जीर्णोध्दार की सौगात दी

रायपुर 26 अप्रैल। उत्तर विधानसभा में भेट मुलाकात में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रवासियों से जनसंपर्क कर समस्याओं एवम शिकायतों से अवगत हुए थे एवम त्वरित निराकरण करते जन मानस को कई सौगते दी किसी को आवास मिला तो किसी को 20 लाख तक के चिकित्सीय सेवा के लिए सौगाते मिली उत्तर विधानसभा में सड़को के डामरीकरण लगभग चरम पर है कुछ वार्डो को छोड़कर पूर्णत हर मोहल्ले के मुख्य सड़को का डामरीकरण कार्य हो गए है।उत्तर विधान सभा के विधायक एवम गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा ने फाफाडीह स्थित साहू पारा तिराहे पर चबूतरा जीर्णोधार के लिए क्षेत्रवासियो के साथ विधिवत पूजन

किया जिसमे फर्श पर मार्बल एवम रैलिंग लगाकर सामाजिक एवम धार्मिक कार्यो के लिए सौदर्यीकरण किया जायेगा।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोनी,वार्ड अध्यक्ष कमल घृतलहरे,अरुण ठाकुर,शरणराज ठाकुर,गौतम यादव,मुन्ना खान, दशरथ साहू, पुनीत साहू,आशा यादव, लक्ष्मी यादव,मीरा साहू,सुशीला साहू, होरीलाल साहू, कमलेश साहू, लक्ष्मण साहू , आसू साहू, नंदू साहू, मुक्तेय साहू, आतमराम साहू, महेश साहू, सागर तांडी, छुरा माधो, राजा साहू, राहुल साहू,बजरंग साहू, दीपक साहू,मयंक यादव, मोहम्मद मुस्ताक सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

सच बोलने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए:प्रेमशंकर गौटिया

रायपुर 26 अप्रैल। राजधानी में सर्व धर्मावलंबियों के संगठन सर्व आस्था मंच ने होली, ईस्टर व ईद मिलकर मनाया। हिंदू, मुस्लिम, सिख, जैन व ईसाई सभी गले मिले और एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर देश में समय की जरूरत को महसूस करते हुए राजधानीवासियों ने कहा कि अब लाइफ माइंडेड लोगों को सामने आने की जरूरत है। समय पर अगर चीजों को कंट्रोल नहीं किया गया तो इसकी सीधा असर बच्चों व युवाओं पर पड़ेगा। भावी पीढ़ी को देशहित का भान कराने की जरूरत है। इस मौके पर पुंछ में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर ने कहा कि सर्व आस्था मंच समय की जरूरत है। इसका विस्तार जिलों में किया जाना चाहिए।

समाज में हम ही अच्छे हैं ऐसा नहीं है। हमसे भी अच्छे बहुत लोग हैं। केवल धर्म का ज्ञान रखने वाले नहीं बल्कि मानवता का ज्ञान रखने वालों को जोड़ा जाए। भारतीयता, भाईचारे व मानवता को आगे लाने की जरूरत है। समाज के अच्छे लोगों को अब सामने आना ही होगा। बोलने वाले बच्चों को स्कूलों में पुरस्कृत किया जाना चाहिए। हर इबादतगाह में सिर झुकाने वाला ही धार्मिक है। नजर हुसैनी ने कहा कि लाइफ माइंडे पर्सनेस को इक्टठा किया जाए। उनको आगाह किया जाए कि समाज के प्रति जिम्मेदारी के भाव लोगों तक अच्छी संस्थाओं को आपस में संवाद करना चाहिए। प्रेमशंकर गौटिया ने कहा कि आजकल समाज में सर्व मान्य नेता नजर नहीं आते। शांति धारण करने वालों को सोसायटी में आगे आना होगा। सच को खड़ा होना चाहिए। हर अच्छे इंसान को स्वीकार करने पर ही समाज में गलत करने वालों को जवाब मिलेगा। मोबिन खान ने कहा कि झूठ पर काबू पा लेने पर ही व्यक्तित्व का उत्थान प्रारंभ होता है। तह समाज पर नियंत्रण होता है। तब अच्छा राष्ट्र बन सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर भी उसकी रौशनी फैलती है। सरजियस मिंज ने कहा कि हर विपत्ति के अवसर पर सर्व आस्था मंच को खड़ा होना चाहिए। राज्य के सभी धर्म गुरुओं को एक मंच पर लाकर प्रशासन को नियमानुसार कार्रवाई करने दबाव बनाना चाहिए। देश के कानून पर ठीक से अमल हो यह हम सबकी जिम्मेदारी है। एडवोकेट फैसल रिजवी ने कहा कि गलत को गलत कहने की हिम्मत सबमें होनी चाहिए। चुप रहना घातक पहुंचाएं। सेमिनार, गैदरिंग व टॉक शो किए जाएं। हर अच्छे इंसान को स्वीकार करने पर ही समाज में गलत करने वालों को जवाब मिलेगा। मोबिन खान ने कहा कि झूठ पर काबू पा लेने पर ही व्यक्तित्व का उत्थान प्रारंभ होता है। तह समाज पर नियंत्रण होता है। तब अच्छा राष्ट्र बन सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर भी उसकी रौशनी फैलती है। सरजियस मिंज ने कहा कि हर विपत्ति के अवसर पर सर्व आस्था मंच को खड़ा होना चाहिए। राज्य के सभी धर्म गुरुओं को एक मंच पर लाकर प्रशासन को नियमानुसार कार्रवाई करने दबाव बनाना चाहिए। देश के कानून पर ठीक से अमल हो यह हम सबकी जिम्मेदारी है। एडवोकेट फैसल रिजवी ने कहा कि गलत को गलत कहने की हिम्मत सबमें होनी चाहिए। चुप रहना घातक हो सकता है। अब वक्त देखने व सुनने का नहीं कहने का है। सिराज भाई ने अच्छी व पॉजीटिव सोच वालों को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। मोहन सैमुएल,मोहन सैमुएल,, सिस्टर मर्सी व सिस्टर शीला, एडवोकेट आदित्य झा, शफीक अहमद, जॉन राजेश पॉल, मनमोहन सैलानी, भूपिंदर सिंह, गुरुमुख सिंह,

संपादकीय

भाजपा मुक्त भारत का सपना

राजनीति में सपना देखने का सबको अधिकार है। सभी दल राष्ट्रीय दल बनने का सपना देखते हैं। सभी दल के अध्यक्ष देश का पीएम बनने का सपना देख सकते है। इससे कोई किसी को रोक नहीं सकता। आप का राष्ट्रीय दल बनने का सपना पूरा हो गया है। केजरीवाल अब पीएम बनने का सपना देख सकते हैं तो नीतीश कुमार मौका मिलने पर पीएम बनने का सपना क्यों नहं देख सकते। नीतीश अनुभवी नेता हैं, वह जानते हैं कि विपक्ष के बीच राज्यों में इतने मतभेद हैं कि उन्हें एकदम से एक कर पाना संभव नहीं है। इसलिए वह विपक्ष को वह सपना दिखा रहे हैं जो विपक्ष के नेता 2014 से देख रहे हैं। पीएम मोदी व भाजपा को हराने का। गैर भाजपा दल चाहते हैं कि भाजपा व मोदी को हराया जाए। उसकी यह इच्छा दस साल से अधूरी है। विपक्षी दल कई राज्यों में तो भाजपा को हरा चुके हैं लेकिन केंद्र में अब तक नहीं हरा सके हैं। कांग्रेस सोनिया गांधी व राहुल गांधी के नेतृत्व में दो बार कोशिस कर चुकी है लेकिन वह अकेले नहीं हरा सकी। पीएम मोदी दस साल से अपराजेय हैं। अब नीतीश कुमार कांग्रेस को सपना दिखा रहे हैं कि पीएम मोदी को हराने का । यह नीतीश कुमार का भी पुराना सपना है।नीतीश कुमार की नरेंद्र मोदी से पुरीन खुन्नस है। एक वक्त था जब एनडीए में नीतीश कुमार का नाम भी पीएम के रूप में सामने आया था। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से वह चूक गए थे। इस बात को नीतीश कुमार भूले नहीं है। वह तो नरेंद्र मोदी को हराने का मौका लंबे समय से ढूंढ रहे हैं। लेकिन उन्हें भाजपा के साथ होने के कारण मौका नहीं मिल रहा था। पीएम मोदी को हराने के लिए नीतीश कुमार का विपक्ष में होना जरूरी था। इसके लिए नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़ा व विपक्ष में आए। वह जानते थे कि विपक्ष के सभी नेता पीएम मोदी को हराना चाहते हैं लेकिन उन्हें एक करने वाला कोई नेता नहीं है। इसलिए कांग्रेस से मिलकर नीतीश कुमार ने यह जिम्मेदारी खुद ही ले ली है। वह जाते हैं कि यह काम आसान नहीं है, इस काम को वह विपक्ष का बड़ा काम बताने के लिए कह रहे हैं कि विपक्ष को भाजपा मुक्त भारत का सपना देखना चाहिए। नीतीस कुमार भाजपा मुक्त भारत के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वह चरणबध्द तरीके से काम कर रहे हैं। अभी नीतीश कुमार के पास एक साल का समय है। इस दौरान वह सबसे पहले तो सभी विपक्षी नेताओं से मिलकर उन्हें एक साथ बैठकर बात करने को राजी कर रहे हैं. अभी तो विपक्षी नेताओं के बीच बातचीत ही नहीं होती है, बातचीत शुरू होगी तो कई मुद्दों पर सहमति भी बनेगी। दूसरे चरण में नीतीश कुमार की कोशिश होगी कि बातचीत के जरिए जिन मुद्दो पर सहमति बन सकती है, सहमति बनाने की कोशिश की जाए। तीसरे चरण कौन किस राज्य में कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगा इस बात पर सहमति बनाने की कोशिश की जाए। नीतीश कुमार को सब जानते हैं कि यह कब पलट जाएं कोई भरोसा नहीं है। देश में शरद पवार व नीतीश कुमार ही ऐसे दो नेता है कि जिनकी राजनीति को समझना आसान नहीं हैं। देश की राजनीति में एक छोर पर शरद पवार है तथा एक छोर पर नीतीश कुमार है। परेशानी की बात यह है कि दोनों विपक्ष में हैं तथा दोनों जानते हैं कि राजनीतिक हित कांग्रेस के जरिए ही साधा जा सकता है। अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो दोनों नेता यही चाहेंगे कि विपक्ष के दूसरे दलों के सहयोग से कांग्रेस को किनारे कर अपना राजनीतक हित साधा जाए। अभी नीतीश कुमार के पास मौका है विपक्ष को बडा सपना दिखाने का। शरद पवार के पास विपक्ष के लिए कोई बड़ा सपना नहीं हैं लेकिन उनकी नीतीश की तुलना में उपेक्षा की गई तो वह बड़े सपने को तोड़ने का प्रयास तो कर ही सकते हैं। वह राहुल गांधी के अडानी के मुद्दे की हवा निकाल सकते हैं तो नीतीश कुमार के भाजपा मुक्त भारत की भी हवा निकाल सकते हैं। आखिर वह भी तो बड़े राज्य महाराष्ट्र को नेता हैं।

आज का राशिफल

मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा व अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। शान्ति व शील स्वभाव बेहद जरुरी है । लेन-देन में जल्दबान करें। स्वास्थ्य सही रहेगा।

वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)-आज दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन : (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा)-आज आपकी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। धर्म के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ेगी।

कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)-आज आपका दिन सामान्य रहेगा व धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)-पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि सम्भव हैं।

कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा और धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबान करें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा और सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)-आज आप खुशनुमा रहेंगे और आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबान करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विरोधी पक्ष ईर्ष्या सकता है।

धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा । थोड़ा स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाव लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा।

मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा । वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कोई आवश्यक समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद होने से बचें। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा और पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में हल्का तनाव रह सकता है।

मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)-आज आपका दिन उत्तम रहेगा व आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा।

कश्मीर में आतंक नहीं, शांति का उजाला हो

चिंतन

ललित गर्ग

कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां के बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत झीलें पर्यटकों आकर्षित करती हैं। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विटजरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा। लेकिन इन शांत एवं खूबसूरत वादियों में पडोसी देश पाकिस्तान एवं तथाकथित उन्मादी तत्व आतंक की घटनाओं को अंजाम देकर अशांति फैलाते रहते हैं।

ऐसे ही जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में एक आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। नागरोटा में तैनात सेना की 16वीं कोर ने शहीद हुए सैनिकों की पहचान हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देवाशीश बस्वाल, लांसनायक कुलवंत सिंह, पिसाही हरकृष्ण सिंह और सिपाही सेवक सिंह के रूप में बताई है। शहीद हुए पांच सैनिकों में से चार पंजाब के और एक ओडिशा का रहने वाला था। देवाशीश बस्वाल ओडिशा के अलगुम सामिल खंडायत के निवासी थे, जबकि मंदीप सिंह पंजाब के चानकोईयां काकन गांव के, हरकृष्ण सिंह तलवंडी बारथ गांव के, कुलवंत सिंह चारिक के और सेवक सिंह वाघा के रहने वाले थे। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने वाहन पर गोलियों के निशान देखे हैं और वहां से ग्रेनेड के टुकड़े बरामद हुए हैं, जिससे इसके आतंकी हमला होने की पुष्टि हुई है। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुंछ इलाके में हुए इस आतंकी हमले की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब भारत इस साल जी-20 समिट की अध्यक्षता कर रहा है। इसके तहत लेह में 26 से 28 अप्रैल को और श्रीनगर में 22 से 24 मई को बैठक होनी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था। मैंने हाल ही अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक एवं आतंक से अमन-चैन तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। मोदी कश्मीर को जी-20 की बैठक के लिये चुनकर दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि नेतृत्व चाहे तो दुनिया से आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर है, पूंछ जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती है। जिस जगह पर हमला हुआ वहां पर सीमा सड़क संगठन द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है जिसमें लिखा है कि हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाए, इस बोर्ड के ऊपर भी गोलियों के निशान बने हुए है। जहां पर हमला हुआ वहां पर एक बहुत बड़ा पत्थर है इस पत्थर की आड़ लेकर भी आतंकियों ने सैन्य वाहन पर गोलीबारी की। आतंकियों ने जिस जगह पर सैन्य वाहन पर हमला किया उस जगह पर सड़क के नीचे से एक पुलियां गुजरती है जिसमें नहीं कई लोग आराम से छीप कर बैठ सकते है और यह पुलिस किसी को नजर भी नहीं आती है। सड़क के किनारे पर अभी भी सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जबकि सड़क के दोनों तरफ काफी घना जंगल है जिसके अंदर आतंकी सुरक्षित शरण लेकर अपने ठिकानों तक पहुंच सकते हैं। 15 अगस्त 47 के दिन से ही पड़ोसी देश पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब केंद्र सरकार को ही देना है, उसने सटीक जवाब देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढ़ेर किया है, पडोसी देश की गर्दन को मरोड़ा भी है। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। ऐसे वक्त में जब कश्मीर में लोकतांत्रिक तरीके से सरकार बनाने की तैयारियां चल रही हों, वहां शांति स्थापित करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। इनमें अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। आतंकी संगठनों में नए भर्ती हुए युवाओं और उनके मददगारों की शिनाख्त जरूरी है, ताकि लक्षित हत्याओं के उनके इरादों को पहले ही नाकाम किया जा सके। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है।

महिला खिलाड़ियों का यौन उत्पीड़न जब रक्षक ही भक्षक बन जायें

चर्चित मुद्दा

निर्मल रानी

देश के अनेक चरित्रहीन राजनेताओं,पाखण्डी धर्मगुरुओं, तथा दुश्चरित्र कथित विशिष्ट जनों पर बलात्कार,महिला यौन उत्पीड़न व महिलाओं के शोषण के आरोप लगना कोई नई बात नहीं है। यह देश का दुर्भाग्य है कि हमारे देश में दोहरा चरित्र दर्शाने वाले ऐसे तमाम लोग बेनक़ाब हो चुके हैं और अब भी होते आ रहे हैं जो बातें तो पुरुषों से महिलाओं की बराबरी की करते हैं,अपने 'प्रवचनों ' में महिला सम्मान की डींगें हांकते हैं, महिलाओं को देवी तुल्य बताते फिरते हैं और स्वयं ही महिलाओं का शारीरिक शोषण व बलात्कार भी करते फिरते हैं। आश्चर्य तो यह है कि उस सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोग जोकि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ' जैसी योजना पर सैकड़ों करोड़ रूपये खर्च कर इस योजना का ढिंढोरा पीटती फिर रही है उसी सत्ता के संवैधानिक पदों पर बैठे लोग बेटियों का ही यौन उत्पीड़न करते फिर रहे हैं। और वह भी उन बेटियों का जो देश के लिये पदक जीत कर लाती हैं और राष्ट्रीय ध्वज का विश्व में मान बढ़ाती हैं?

भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के गोंडा के रहने वाले बाहुबली सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा देश की अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता महिला पहलवानों के साथ कथित तौर पर किये गये यौन उत्पीड़न का मामला एक बार फिर तूल पकड़ रहा है। दबंग छवि वाले बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहली बार 1991 में लोकसभा के लिए चुने गये थे उसके बाद वे 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी अर्थात छः बार कैसर गंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित होते रहे। बृजभूषण शरण सिंह 1992 में अयोध्या में गिराए गये विवादित ढांचे के 40 आरोपियों में भी एक थे। यह वही दबंग छवि वाले हिंदूवादी पहलवान हैं जिन्होंने 5 जून 2022 को मनसे नेता राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे का ज़बरदस्त विरोध करते हुये राज ठाकरे को चेतावनी दी थी कि वे महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों का अपमान करने वाले राज ठाकरे को लखनऊ एअरपोर्ट से आगे नहीं जाने देंगे। उनका कहना था कि राज ठाकरे को अयोध्या आना है तो पहले उन्हें उत्तर भारतीय समाज से माफ़ी मांगनी होगी। इसके बाद ही उन्हें रामलला का दर्शन करने दिया जायेगा। और यह मामला इतना तूल पकड़ा था कि राज ठाकरे को इन्हीं विवादों के चलते अपनी अयोध्या की प्रस्तावित यात्रा स्थगित तक करनी पड़ी थी। अयोध्या के महंत रामचंद्र परमहंस, नृत्य गोपाल दास, हनुमान गढ़ी के स्वामी धर्म दास व लालकृष्ण आडवाणी जैसे संतों व नेताओं के भी यह बेहद क़रीबी रहे। वे एक बार भाजपा छोड़ समाजवादी पार्टी में भी शामिल हुये थे। 2009 का लोकसभा चुनाव वे समाजवादी पार्टी से क़ैसरगंज सीट से ही विजयी हुये थे। लेकिन सपा में उनके वैचारिक मतभेद शुरू हो गए और वह दोबारा बीजेपी में वापस शामिल हो गए। अयोध्या के अखाड़ों के पहलवान के रूप में भी वे स्वयं को 'शक्तिशाली' कहा करते थे। दबंग छवि वाले सांसद बृज भूषण शरण सिंह बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और श्रावस्ती के 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं। ये अपने अनेक विवादित बयानों को लेकर भी सुर्ख़ियां बटोरते रहे हैं। बृज भूषण शरण सिंह के बेटे प्रतीक भूषण भी राजनीति में सक्रिय हैं तथा इस समय वे भी गोंडा से भाजपा विधायक हैं। वैसे तो दस महिला कुश्ती पहलवानों के साथ इसी 'शक्तिशाली' कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप हैं जिनमें एक नाबालिग़ पदक विजेता भी शामिल है। परन्तु इनमें से सात महिला पहलवानों ने बृज भूषण के विरुद्ध दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज करने का प्रयास किया था। परन्तु आरोपी के ऊँचे रूसूक के कारण दिल्ली पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इंकार कर दिया था। उसके बाद इन पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की और साथ ही इन आरोपों की जांच को लेकर एक बार फिर जंतर-मंतर पर धरना भी शुरू कर दिया। गत दिनों पहलवानों की इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों के आरोप बेहद गंभीर हैं। चीफ़ जस्टिस डीवाई चंद्रचूढ़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस कोर्ट को इस मामले पर विचार करने की ज़रूरत है। दबंग आरोपी को प्राप्त सत्ता संरक्षण के मद्देनज़र ही धरने पर बैठे पहलवानों ने विपक्षी दलों से भी मदद की गुहार लगाई है। कांग्रेस सहित कई दल पहलवानों के साथ खड़े भी हो चुके हैं।

परन्तु इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि जब धर्म और सत्ता क्षेत्र में ऊँचे पदों पर बैठे ऐसे लोग जिनसे कि रक्षा और संरक्षण की उम्मीद की जानी चाहिये जब वही अपने ही अधीनस्थ या अपने संरक्षण में रह रही कन्याओं व महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने लगें तो आम लोगों से क्या उम्मीद की जा सकती है? ऐसे दुराचारी लोग स्वाभाविक रूप से ही दुश्चरित्र होते हैं। लिहाज़ा यह तो चंद बहादुर महिलाएं थीं जिन्होंने इस दबंग दुराचारी को बेनक़ाब कर इसके कथित हिंदूवादी होने तथा इसके 'उत्तर भारतीय प्रेम ' के दिखावे का भंडाफ़ोड़ कर दिया है। सोचा जा सकता है कि जिन 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों से यह 'माननीय ' बाहुबली जुड़ा हुआ है वहां की बच्चियां या अध्यापिकायें इसकी हवस से कितनी सुरक्षित होंगी? दरअसल ऐसे दुष्कर्मियों के घरों पर बुलडोज़र चलाने और इनका नार्को टेस्ट कराने की ज़रुरत है ताकि दुष्कर्मियों को सबक़ मिल सके। यह और इसतरह के तमाम सत्ता के चहेते दुष्कर्मियों को संरक्षण देना यह सवाल तो ज़रूर खड़ा करता है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाये फिर आख़िर बेटियों की रक्षा कौन करे और कैसे करे।

पोषक तत्वों से भरपूर छत्तीसगढ़ का बोरे-बासी

सेहत

सुरेन्द्र ठाकुर

छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों के जीवन में बासी इतना घुला-मिला है कि समय बताने के लिए भी सांकेतिक रूप से इसका उपयोग किया जाता है। सुबह जब कहीं जाने की बात होती है तो बासी खाकर निकलने का जवाब मिलता है, इससे पता चल जाता है कि व्यक्ति सुबह 8 बजे के बाद घर से निकलेगा। वहीं दोपहर के वक्त बासी खाने के समय की बात हो तो मान लिया जाता है कि लगभग एक बजे का समय हो गया है। 'बासी खाय के बेरा' से पता चल जाता है कि यह लंच का समय है। छत्तीसगढ़ में लोग वर्षों से नास्ते के रूप में बोरे-बासी (रात का भीगा हुआ चांवल) खाते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में लोग अपने इस पारंपरिक भोजन बोरे-बासी को खूब चाव से खाते हैं। ये गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने का काम करता है। दरअसल, ताजा भात यानी चावल को जब पानी में डुबोकर खाया जाता है, तो उसे बोरे कहते हैं। इसे दूसरे दिन खाने पर यह बासी कहलाता है। फिर इसे आम या नींबू का अचार, प्याज और हरी मिर्च, दही या मठ्ठा डालकर, भाजी, रखिया बड़ी, मसूर दाल की सब्जी, रत की बची अरहर दाल, कढ़ी या बड़ी-बिजौरी के साथ खाया जाता है। इसे खाने से खूब प्यास लगती है और ज्यादा पानी पीने से डि-हाइड्रेशन जैसी समस्या नहीं होती है। बताया जाता है कि इसे खाने के बाद यह शरीर के ताप को नियंत्रित करता है। इस वजह से पड़ने वाली गर्मी और लू का प्रभाव नहीं पड़ता है, इसे खाने से नींद भी अच्छी आती है। छत्तीसगढ़ में बासी को मुख्य आहार माना गया है। बासी का सेवन समाज के हर तबके के लोग करते हैं। रात के बचे हुए भात को पानी में डुबोकर रख दिया जाता है और उसे सुबह नाश्ता के तौर पर या दोपहर में खाने के समय इसका सेवन किया जाता है, इसलिए इसे सुलभ व्यंजन भी माना गया है। विशेषकर गर्मी के मौसम में बोरे-बासी को बहुतायत लोग खाना पसंद करते हैं। बोरे-बासी पर अमेरिका में हुए शोध में पाया गया कि इसे खाने से डी-हाइड्रेशन, बीपी और हाइपरटेंशन कंट्रोल में रहता है। गर्मी के दिनों में बोरे-बासी पाचन शक्ति बढ़ाता है। बोरे बासी शरीर को ठंडा रखता है। त्वचा की कोमलता और वजन संतुलित रखने में मदद करता है, इसमें सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। बोरे-बासी सिर्फ खाने में ही जायकेदार नहीं होती, बल्कि इसे खाकर काम पर जाने पर शरीर का ताप नियंत्रित रहता है, जिसकी वजह से पड़ने वाली गर्मी और लू का इफेक्ट नहीं पड़ता है। इसे खाने से नींद भी अच्छी आती है। छत्तीसगढ़ का बोरे बासी पोषक तत्वों से भरपूर है। शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ यह स्किन के लिए भी फायदेमंद है।

बासी के साथ हमेशा भाजी खाया जाता है। पोषक तत्वों के लिहाज से भाजी में लौह तत्व प्रचुर मात्रा में विद्यमान रहता हैं। इसके अलावा बासी के साथ दही या मही सेवन किया जाता है। दही या मही में भारी मात्रा में कैल्शियम मौजूद रहते हैं। दरअसल गर्मी के दिनों में छत्तीसगढ़ में भाजी की बहुतायत होती है। इन भाजियों में प्रमुख रूप से चेंच भाजी, कांदा भाजी, जीर्रा भाजी, बोहार भाजी बहुतायत में होती है। इन भाजियों के साथ बासी का स्वाद दुगुना हो जाता है। गर्मी के मौसम में बोरे-बासी का सेवन करना फायदेमंद साबित हो सकता है। इसका सेवन करने से शरीर में 'पूरे दिन ठंडक बनी रहती है। जिन लोगों को हाई बीपी की समस्या है, वे 'बासी' का सेवन करके उसे कंट्रोल कर सकते हैं. भले ही ये एक देसी तरीका हो, लेकिन इसके कई लाभ हैं। पेट संबंधित समस्याओं से निजात पाने के लिए भी बासी को खाया जा सकता है। ये आहार पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है और गैस या कब्ज जैसी समस्याएं भी दूर होती है। बासी में पानी की भरपूर मात्रा होने के कारण पेशाब ज्यादा लगती है, यही कारण है कि नियमित रूप से बासी का सेवन किया जाए तो मूत्र संस्थान में होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। पथरी की समस्या होने से भी बचा जा सकता है। चेहरे में ताजगी, शरीर में स्फूर्ति रहती है। बासी में शरीर के लिए जरूरी कई पोषक तत्व जैसे कार्बोहाइड्रेट, विटामिन बी-12, कैल्शियम, पोटेशियम और आयरन काफी मात्रा में मौजूद होते हैं। इसमें ताजे चावल के मुकाबले ज्यादा कैलोरी होती है, जो लोग अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, वे इसे अपने खान-पान का हिस्सा बना सकते है।

टिप्स

खीरा छीलकर खाना चाहिए या बिना छीले? जानें इसे खाने का सही तरीका क्या है?

सलाद के रूप में कच्चा खाया जाने वाला खीरा एक से एक कई जबरदस्त पोषक तत्वों से भरपूर होता है। गर्मियों के मौसम में इसकी डिमांड काफी बढ़ जाती है. क्योंकि खीरे में 95 प्रतिशत तक पानी मौजूद होता है. यही वजह है कि गर्मी में कड़ी धूप की वजह से होने वाली डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाने में खीरा आपकी काफी मदद कर सकता है. हालांकि कुछ लोग खीरे को छीलकर तो कुछ इसे साबुत खाना पसंद करते हैं. अब सवाल उठता है कि खीरे को छीलकर खाना कितना सही है? क्या वास्तव में खीरे को छीलकर खाया जाना चाहिए?

खीरे को छीलकर खाने से ज्यादा फायदेमंद इसे बिना छीले खाना है. अगर आप खीरे को बिना छिले खाएंगे तो आपको इसके कई फायदे मिलेंगे. क्योंकि खीरे के छिलके में कई तरह के

एक नजर

सोनाबाल संकुल में अंगना म शिक्षा, पढ़ई तिहार कार्यक्रम आयोजित

कोंडागांव,26 अप्रैल। विकासखंड कोंडागांव के ग्राम सोनाबाल के प्राथमिक शाला बंधापारा में अंगना म शिक्षा के तहत फ्रपढ़ई तिहारफ्र का आयोजन किया गया। इस प्रकार के आयोजन पिछले दो वर्ष से करते आ रहे हैं ठीक इसी प्रकार इस वर्ष भी संकुल प्राचार्य श्री यजेन्द्र मांझी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें 9 काउंटर बनाकर 5-6 वर्ष आयु वर्ग के शाला प्रवेश पूर्व बच्चों का मेले में परीक्षण कराया गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं की माताओं को यह जानकारी दी गई कि ग्रीष्मावकाश के दौरान अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए घर में उपलब्ध घरेलू संसाधनों से वह किस प्रकार से बच्चों को शिक्षा दिला सके एवं माताओ को विश्वास दिलाया कि ग्रीष्म अवकाश के दौरान वह अपने बच्चे को बहुत कुछ सीखा सकती है। कार्यक्रम में अच्छी अच्छी आदतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एसएमसी के सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों के भीतर अच्छी आदतों का विकास माताएं कर सकें इस संबंध में माताओं को अवगत करवाया गया साथ ही इस कार्यक्रम में स्मार्ट माता का चयन किया गया और सेल्फी विद एसएमसी अभियान के तहत सभी सदस्यों एवं माताओं के साथ समूह में सेल्फी लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेमदतेश्वर पटेल संकुल समन्वयक, मेघमनी पोयाम, सुशीला बाकडे आदि शामिल रहे।

जिले के दुर्गम क्षेत्रों में जनचौपाल लगा कर सुनी जाएंगी समस्याएं

कांकेर 26 अप्रैल । जिले के दुर्गम क्षेत्रों में क्लस्टवार जनचौपाल लगाकर जन समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज समय सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को क्लस्टर बनाने के लिए निर्देशित

किया। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां पहले आवागमन कठिन था, लेकिन अब सड़क, पुल-पुलिया बन जाने से आवागमन सुगम वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां शिविर लगाकर वन अधिकार मान्यता पत्रों का निराकरण किया जाय। छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण और बेरोजगारी भत्ता सत्यापन कार्य की समीक्षा भी उनके द्वारा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बेरोजगारी भत्ता सत्यापन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर सभी ब्लाकों का औचक निरीक्षण करने तथा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। जलजीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि बिगड़े हेण्डपंपों को तत्काल मरम्मत किये जाये तथा नल जल योजना में खराबी होने पर उन्हे तुरंत मम्मत की जावे। जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए खोदे गये गढ्ढ़ो को खुला नहीं छोड़ने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स एवं शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित करते हुए इस कार्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक मदद करने के लिए निर्देशित किया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों में निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कचरा शेड निर्माण कार्य एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए भी निर्देशित किया गया। नरवा विकास योजना के कार्य में तेजी लाने तथा अमृत सरोवर योजना अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराने और मनरेगा के कार्य में लेबर बढ़ाने के लिए सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिये गये।

प्राथमिक शाला डोंगरीगुगुड़ा में पढ़ई तिहार मनाया

कोडागांव, 26 अप्रैल। प्राथमिक शाला डोंगरी गुड़ा मे दिनांक 25/4/2023 को प्राथमिक शाला डोंगरी गुड़ा में सभी बच्चों के माता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह के साथ मिलकर अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम पढ़ई तिहार धुमधाम से मनाया गया श्रीमती दीपिका मसराम प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला डोंगरी गुड़ा शिक्षिका द्वारा अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया बताया गया कि माता अपने घर में रहकर कैसे छोटी छोटी गतिविधि कराते हुए बच्चों को बोलना,पढ़ना,लिखना सिखाया जाता है इस पावन पढ़ई तिहार जागृति अभियान में जागो मां जागो जागृति गीत गाकर दीपिका मसराम शिक्षिका द्वारा माताओं को शिक्षा के प्रति जागृत किया और अपने शाला परिवार कि ओर से समय समय पर ऐसे कार्यक्रम करने का मंगलकामना के साथ माताओं को प्रमाण पत्र एवं सपोर्ट कार्ड दिया गया इस प्रकार मसराम शिक्षिका द्वारा एवं अन्य सहायक शिक्षकों के साथ मिलकर अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम पढ़ई तिहार को सफल बनाया गया माताओं के द्वारा गतिविधि भी किया गया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वसहायता समूह के द्वारा बच्चों को शाला आने के लिए प्रेरित किया गया।

बारिश का पानी बहा ले गया डायवर्सन आवागमन बाधित, पूरी रात फंसे रहे यात्री

- कुम्हाररास-सातधार के बीच डायवर्सन बहा
- 10 घंटे बाद सुबह मार्ग हुआ बहाल, मुसाफिर रात भर होते रहे परेशान
- स्टेट हाईवे 5 में कछुआ चाल से हो रहा पुलियों का निर्माण
- ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे आमजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 26 अप्रैल। बीती रात अंचल में अचानक मौसम के बदलने से अंधड़ हवा, व बिजली की गड़गड़ाहट के साथ ही तेज बारिश हुई। करीब घंटे भर से ज्यादा हुई बारिश के चलते मुख्यालय से करीब 6 किमी दूर कुम्हाररास-सातधार के बीच कच्चा डायवर्सन सड़क बह गया जिससे दंतेवाड़ा-बचेली मार्ग रात्रि में बंद हो गया। वहीं सातधार-नकुलनार रोड पर मसेनार के पास व नकुलनार-बचेली के बीच भी पेड़ गिर जाने से सड़क मार्ग बाधित हुा। आज सुबह पीडबल्यूडी के अधिकारी व ठेकेदार मौके पर पहुंचे जिसके बाद जेसीबी के माध्यम से सड़क मार्ग को मिट्टी डालकर बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की गई। मशक्कत के बाद कच्चे डायवर्सन मार्ग को सुधारा गया तब कहीं जाकर सुबह दस बजे दंतेवाड़ा-बचेली मार्ग पर गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो सकी।

दंतेवाड़ा में बीते सप्ताह भर से अचानक कभी भी किसी भी समय मौसम बदल जाता है और तेज अंधड़ हवा के साथ बारिश शुरू हो जाता है। दिनभर तेज गर्मी रहती है वहीं शाम रात तक मौसम में बदलाव हो जाता है और फिर तेज बारिश होने लगता है। बीती रात भी 8 बजे अचानक से मौसम बदला और तेज हवा, अंधड़ के साथ पूरे शहर की बिजली गुल हो गई और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। घंटे भर से उपर बारिश होती रही। इसी बीच रात करीब 9 बजे खबर मिली कि कुम्हाररास-सातधार के बीच बन रहे पुल का डायवर्सन बह गया जिससे सड़क मार्ग बाधित हो गया और बसों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई। बता दें कि दंतेवाड़ा किरंदूल के बीच स्टेट हाईवे क्रमांक 5 में बीते कई महिनों से करीब 3 दर्जन से अधिक पुलियों का निर्माण कार्य चल रहा है। ठेकेदार द्वारा काफी धीमी गति से पुल का निर्माण किया जा रहा है इसकी शिकायत भी आम लोगों ने पूर्व में प्रशासन से की थी बावजूद ठेकेदार की लापरवाही जारी रही।

भारी बारिश के चलते कुम्हाररास(डोंगरीपारा)-सातधार के बीच कच्चा डायवर्सन बारिश का भेंट चढ़ गया और तेज बारिश से नाला का पानी डायवर्सन को बहा ले गया। मार्ग अवरूद्ध होने से किरंदूल से रायपुर जाने वाले यात्री बसों में फंस गए और देखते ही देखते मार्ग पर वाहनों का एक लंबा जाम लग गया। ईधर तेज बारिश के चलते सातधार-नकुलनार के बीच भी मसेनार के पास सड़क पर पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। नकुलनार से भी कोई वाहन दंतेवाड़ा की ओर नहीं आ पा रहा था जिससे भी कई लोग रास्ते में फंसे रहे। बता दें कि जिस जगह पर डायवर्सन बहा है वहां पास में ही एक पहाड़ी नाला है। अचानक से तेज बारिश होने से नाले का पानी डायवर्सन को बहा ले गया। पुल बना रहे ठेकेदार को मालुम था कि इस जगह पर नाला है कभी भी बारिश का पानी आ सकता है बावजूद ठेकेदार ने डायवर्सन मार्ग में पानी निकासी के लिए पाईप नहीं डाला था जिसके वजह से डायवर्सन बहने की घटना हुई है। अब लोगों की नाराजगी खुलकर सामने आने लगी जिसके बाद प्रशासन ने ठेकेदार को जमकर लताड़ लगाई तब कहीं जाकर ठेकेदार आज सुबह लाव लश्कर के साथ मार्ग बहाल करने पहुंचा। डायवर्सन सड़क पर मिटटी डालने के साथ ही सीमेंट पाइप भी डाला गया जिसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। अगर यही कार्य ठेकेदार द्वारा पूर्व में कर लिया गया होता तो आमजनों को इतनी दुश्वारियों व परेशानियों का सामना न करना पड़ता ।

वेदांता ने चक्रीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने झारसुगुड़ा में शुरू की 'मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी'

कोरबा,26 अप्रैल। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने ओडिशा व छत्तीसगढ़ स्थित अपने प्रचालनों में पृथ्वी दिवस 2023 धूमधाम से आयोजित किया। इसके अंतर्गत सस्टेनेबल भविष्य निर्माण के प्रति कटिबद्धता की दिषा में अनेक रचनात्मक कदम उठाए गए हैं। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में कंपनी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा स्थित अपने अत्याधुनिक स्मेल्टर प्रचालन में नई 'मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ)' की स्थापना कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एमआरएफ विषेष तरह का संयंत्र है जहां विभिन्न अपषिष्टों को अलग एवं प्रसंस्करित कर इस्तेमाल योग्य सामग्रियों में बदला जाता है। झारसुगुड़ा में वेदांता समूह द्वारा स्थापित स्मेल्टर दुनिया में एक ही स्थान पर सबसे अधिक एल्यूमिनियम उत्पादन करने वाली इकाइयों में से एक हैं।'शुन्य अपशिष्ट' लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एमआरएफ की स्थापना वेदांता एल्यूमिनियम की बड़ी उपलब्धि है। इससे झारसुगुड़ा संयंत्र से निकलने वाले अपषिष्ट के उपचार और उसके सतत प्रबंधन में मदद मिल रही है। उपचारित अपषिष्ट का प्रयोग अनेक उत्पादक कार्यों में किया जा रहा है। मार्च 2023 में एमआरएफ ने 27,828 किलोग्राम या लगभग 28 टन सूखे व गीले अपषिष्ट को फिर से प्रयोग करने योग्य सामग्रियों में तब्दील किया जिनका इस्तेमाल संयंत्र के विभिन्न प्रचालनों में हुआ। बायो-कंपोस्ट और ब्रिकेट्स का इस्तेमाल बागवानी में किया गया। जिन सामग्रियों को रिसाइकिल नहीं किया जा सकता उन्हें एमआरएफ से सीमेंट उद्योग में को-प्रोसेसिंग के लिए भेज दिया जाता है। इससे घरेलू विनिर्माण उद्योगों में चक्रीय अर्थव्यवस्था की स्थापना और उसके प्रोत्साहन की नई संभावनाएं विकसित हुई हैं।इस कदम से अपशिष्ट का प्रयोग सामान्य लैंडफिल की बजाय अधिक लाभदायक तरीके से हो सका जिससे 34,820 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य उत्सर्जन में कमी आई साथ ही 48,735 किलोवाट घंटे ऊर्जा की बचत हुई। विशेषज्ञ अनुमानों के मुताबिक इस प्रकार संरक्षित ऊर्जा से 6090 घंटों तक 100 एलईडी टेलीविजन, 8120 घंटों तक 100 लैपटॉप तथा 6090 घंटों तक 1000 एलईडी बल्ब चलाए जा सकते हैं। इस अवसर पर वेदांता लिमिटेड, एल्यूमिनियम व्यवसाय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राहुल शर्मा ने कहा, ''पृथ्वी पर प्रकृति की जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए व्यावसायिक प्रगति को आकार देकर हम सतत भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित हैं। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण धातुओं में शुमार एल्यूमिनियम का प्रयोग अनेक अत्याधुनिक तकनीकों में किया जाता है। यह धातु कम कार्बन वाले भविष्य निर्माण की अगुवाई में सक्षम है। ऐसे ही अनेक प्रयोगों के कारण एल्यूमिनियम को 'भविष्य की धातु' कहा जाता है। हमारे सांगठनिक प्रयासों का लक्ष्य पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालते हुए अपने सभी स्टेकहोल्डरों के लिए दीर्घकालिक मूल्यों का निर्माण करना है। चूंकि कंपनी और इसके प्रचालन क्षेत्रों के समुदाय एकजुट होकर धरती को हरा-भरा बनाने और पारस्परिक लक्ष्य को अमलीजामा पहनाने की दिषा में कार्यरत हैं इस दृष्टि से हमारे प्रयास अपने प्रचालन क्षेत्रों के समुदायों को सतत कार्यषैलियों के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करने के प्रति समर्पित हैं।''

क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे पंचायत सचिव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 26 अप्रैल। शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव पिछले 41 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। शासन से सकारात्मक पहल नहीं होने से ये पंचायत सचिवों में काफी रोष है और हड़ताल उग्र होने की ओर अग्रसर है। अपनी लंबित मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात शासकीय करण को लेकर प्रगतिरत आंदोलन को और उग्र करते हुए 24 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे हैं।

पंचायत राज दिवस के दिन क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे पंचायत सचिव भारतवर्ष में 24 अप्रैल को पंचायत दिवस मनाया जाता है किन्तु दुर्भाग्य वश छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव अपनी जायज मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर भूख हड़ताल में बैठे हैं,इसी क्रम में सुकमा जिले के सुकमा ब्लाक के गिरीश कश्यप, प्रवीण सोढ़ी, जगदीश नायक, सुशील कश्यप कोंटा ब्लाक से अशोक चतुर्वेदी, हिमाचल पुरी, शेख अब्दुल मनान, मधूसुदन राव छिंदगढ़ ब्लाक से लोकनाथ कश्यप रमाशंकर और दिनेश मांझी आज क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे हैं इस प्रकार क्रमिक भूख हड़ताल में प्रत्येक दिवस चार चार सचिव बैठेंगे।

शासन के पहल नहीं करने से सचिव आक्रोशित

विगत 16 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद हड़ताल पर बैठे हुए हैं । हड़ताल का 39 दिन पूर्ण होने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा वार्तालाप नहीं करने के कारण सचिवों में रोष व्याप्त है , पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से शासन की महत्वकांक्षी योजना सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, बेरोजगारी भत्ता फार्म ,राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना ,किसान न्याय योजना ,गोबर खरीदी, रिपा कार्य, गौठान के समस्त कार्य ,मनरेगा के कार्य ,जन्म मृत्यु पंजीयन ,राशन कार्ड ,प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन ,सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन ,राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना ,श्रद्धांजलि योजना, पेयजल आपूर्ति,शौचालय निर्माण ,वन अधिकार पट्टा वितरण ,स्वामित्व योजना सर्वेक्षण ,ग्राम सभा ,बजट निर्माण, समस्त निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम होने से लेखा-जोखा के कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित है । पंचायत सचिव संगठन के जिलाअध्यक्ष गिरीश कश्यप द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि शासन/प्रशासन द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीय करण के संबंध में कोई पहल नहीं करते हुए 24 घंटा में वापस लौटने का अल्टीमेटम जारी किया गया था जिसे ब्लॉक स्तरीय धरना स्थल में आदेश की प्रति को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया ।अभी कुछ जिला के कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सचिवों के प्रतिनिधि को बुलाकर कार्य पर वापस लौटने का दबाव बनाया जा रहा है जो न्यायोचित नही है ,पंचायत सचिव का प्रभार सहायक अंतरिक लेखा करारोपण अधिकारी एवं रोजगार सहायक को सौंपने का आदेश जारी किया गया है , आदेश का विरोध करते हुए सहायक आंतरिक करारोपण अधिकारी के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश शुक्ला जी पंचायत सचिव के हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रभार नहीं लेने हेतु शासन प्रशासन को ज्ञापन दिया गया एवं रोजगार सहायक संघ कोंडागांव के जिला अध्यक्ष द्वारा भी प्रभार नहीं लेते हुए सचिव संगठन के हड़ताल के समर्थन में ज्ञापन दिया गया है । यदि हमारी मांगों पर शासन प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन करते हुए क्रमिक भूख हड़ताल , भूख हड़ताल ,आमरण अनशन करने के लिए संगठन बाध्य होगा ।

समाचार संक्षेप

बेरोजगारी भत्ता के आवेदनों के भौतिक सत्यापन में देरी ना करें: कलेक्टर

सुकमा, 26 अप्रैल(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कलेक्टर श्री हरिस. एस ने जिले में गोधन न्याय योजना के तहत सभी गौठानों में गोबर खरीदी का काम सुनिश्चित करने के निर्देश साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि भौतिक सत्यापन कार्य में देरी ना करें। साथ ही जिले में की जा रही सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और जिले के गौठानों में संचालित रीपा के कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कुम्हाररास में संचालित शबरी दुग्ध डेयरी के सफलतापूर्वक संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले के कृषकों, पशुपालकों को केसीसी कार्ड निर्माण प्रगति की जानकारी कृषि विभाग और पशुधन विकास विभाग से ली। कलेक्टर ने सी-मार्ट, आदर्श ग्राम के रूप में चयनित ग्राम राजामुण्डा, केरलापाल और मराईगुड़ा (वन) में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ की शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों के तय सीमा में ही सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा।कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग को वनाधिकार पट्टों के आवेदनों का निराकरण कर शेष ग्रामों में जल्द पट्टा वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विभागों से मांग के आधार पर गोबर पेंट के आवश्यकता अनुसार विभिन्न रंगों के पेंट उत्पादन करने कहा। इसके साथ ही स्कूल जतन योजना के तहत जिले में निर्माणधीन और मरम्मत हो रहे स्कूलों में गोबर पेंट का उपयोग करने को कहा। वहीं गोठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट का भण्डारण एवं विक्रय की समीक्षा कर वर्मी उत्पादन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री हरिस. एस ने सुपोषण केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर कुपोषित बच्चों को केन्द्र के सुविधाओं का लाभ देकर लाभांवित करने के निर्देश दिए।

विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में कार्यक्रम आयोजित

सुकमा, 26 अप्रैल(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर

आज जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष मलेरिया थीम Time to DeliverZero Malaria invest innovate implim-ent इस ध्येय वाक्यों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति सुकमा के तत्वाधान में सीआरपीएफ जवानों के सहायता से मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिले के विकासखंड सेक्टर, उपस्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य स्थानों में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हरिस.एस एवं सीएमएचओ डॉ. महेश साडिया सुकमा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं मितानिन रैली में शामिल हुए। रैली कलेक्टर निवास से प्रारंभ होकर जिला मुख्यालय भ्रमण पश्चात् बस स्टैंड में समापन किया गया। मलेरिया नियंत्रण अधिकारी ने जिलाअधिकारियों को मलेरिया बीमारी सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान में जिले में विगत पांच वर्षो में मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अन्य विभागों के मलेरिया नियत्रंण हेतु दायित्व के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर मलेरिया नियंत्रण अधिकारी एवं चिकित्सा स्टाफ सहित अन्य उपस्थित थे।

अंगना मा शिक्षा पढ़ई तिहार मनाया गया

सुकमा, 26 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । सुकमा जिला में ''अंगना मा शिक्षा पढ़ई तिहार 3.0 मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं को ग्रीष्मकालिन अवकाश में बच्चों को शिक्षा की मुख्य

धारा से जोड़े रखने के लिए अंगना मा शिक्षा 3.0 पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसमें समस्त प्राथमिक शालाओं में एक्टीव मदर कम्युनिटि का गठन किया गया। जो अपने आस-पास एवं घर में मौजूद सामग्री से ही बच्चों को सिखाने का प्रयास करेंगी एवं उनमें अच्छी आदतों का विकास भी करेंगी । ग्रीष्मावकाश के एक सप्ताह पहले से ही बच्चों को स्वास्थ रखने हेतु माताएं समुदाय के सहयोग से अपने बच्चों को घर पर ही रख कर सिखाने का प्रयास करें। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में योजना बनी है। इस योजना का उद्देश्य आंगनबाड़ी से जुड़े छोटे बच्चों की माताओं को घर पर ही बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है। जिससे माताएं अपने बच्चों को घर पर ही रहकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ पाएं और बच्चे खुशी-खुशी स्कूल आएं और सीखें।

भाकपा ने सचिव आंदोलन का किया समर्थन

सुकमा, 26 अप्रैल(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के छत्तीसगढ़ राज्य परिषद सचिव का मनीष कुंजाम जी पंचायत सचिवों के धरना प्रदर्शन स्थल सुकमा में पहुंच कर शासकीय करण के मांग का समर्थन किया और सरकार से सचिवो के मांग को तत्काल पूर्ण करने की अपील किए। क्योंकि सचिव की भूमिका के बगैर पंचायतो का काम बंद पड़ा है जिससे शासकीय कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है हम इस पंडाल के माध्यम से अपील करते हैं कि अभी वर्तमान कांग्रेस के सरकार को चुनावी घोषणा के मुताबिक नियमित करण की मांग तत्काल पूरा करें सरकार । नहीं तो आने वाले दिनों में भूगतने को तैयार रहें ।

बाल विवाह का प्रतिशत लगातार गिर रहा है,लोगों में जागरूकता के चलते भी इस पर लगी है रोक

3 साल में 76 बाल विवाह रोके गए , महिला बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 26 अप्रैल। बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन के साथ महिला बाल विकास विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी सतर्क है। बाल विवाह के पूर्णतः रोकथाम हेतु कलेक्टर गरियाबंद, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में कार्य किया जा रहा है। जिसके लिये विकासखण्ड स्तर एवं पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है। जो कि निम्नानुसार है.- विकासखंड स्तर पर बनी समितियों में अनुभाग स्तर के अधिकारी के साथ ही अन्य अधिकारी रहेंगे व कुछ स्वैच्छिक संगठन के लोग रहेंगे इसी तरह पंचायत स्तर पर बनी समितियों में पंचायत के विभिन्न पदाधिकारी एवं स्कूल के 1 छात्र व 1 छात्रा रहेंगे जिनका प्रमुख रूप से बाल विवाह की रोकथाम हेतु समस्त प्रयासों का किया जाना होगा। विकासखण्ड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के माध्यम से बाल विवाह पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के लिये निर्देश दिये गये है। ग्राम

क्र.	वर्ष	गरियाबंद	बालोद	रोकी गई कुल प्रकरण
1	2020	14	14	28
2	2021	10	9	19
3	2022	6	11	17
4	2023	5	7	12
कुल योग		35	41	76

पंचायतों में विवाह के संबंध में पंजी संधारण में होने वाले समस्त विवाहों का रिकार्ड रहेगा जिससे बाल विवाह की जानकारी समय पूर्व प्राप्त हो जावेगी।बाल विवाह की रोकथाम एवं जागरूकता लाने हेतु मिशन वात्सल्य योजना एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम का गठन करते हुये दिनांक 22/04/2023 एवं 24/04/2023 तक 05 विकासखण्ड में फिगेश्वर, छुरा, गरियाबंद, मैनपुर एवं देवभोग में सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नागरिक जनो के माध्यम एवं विवाह स्थल में जाकर कुल 38 ग्राम में जाकर जानकारी लिया गया जिसमें कोई भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नहीं हुये। बाल विवाह की रोकथाम की जानकारी वर्ष 2020 से 31 मार्च 2023 तक रोके गये प्रकरण की जानकारी 2020- 21, 21 -22 और 22 -23 में 76 बाल विवाह के प्रकरण विभाग की सक्रियता के चलते रोके गए

बाल विवाह की रोकथाम हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समय-समय पर पंचायत एवं विद्यालयों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम जैसे बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर, एवं मातृमृत्यु दर के बारे में जानकारी दिया जाता है। विवाह के संबंध में निर्धारित आयु सीमा के पश्चात् ही विवाह करें। जिससे बालक-बालिका के शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण, परिवार नियोजन आदि में बेहतर सुधार हो सके। जिससे वर्ष 2020 की तुलना में 31 मार्च 2023 तक हुये बाल विवाह के प्रकरण में कमी आयी है ।

विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला / पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आयेंगे। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर ऐसी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है तो उसे दो वर्ष तक का कठोर करावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपये तक हो सकता है।बाल विवाह होने की सूचना ग्रामीण स्तर में पंचायत स्तरीय व नगरीय निकाय / वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति एवं विकासखण्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति तथा पुलिस विभाग या चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 में या श्री अनिल द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मोबाईल नम्बर 88392-39688 में जानकारी दिया जा सकता है।

एक नजर

खरसिया नगर पालिका ने बांटे भवन अनुज्ञा पत्र

खरसिया,26 अप्रैल। वार्ड क्रमांक 10 खंतीपार मोहल्ला के वासियों के लिए आज का दिन खुशियों से भरपूर रहा। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल के प्रयासों से 81 मोहल्ले वासियों को मोर आवास मकान के अंतर्गत भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र वितरित किए गए और बचे हुए मोहल्लेवासियों को इस सप्ताह वितरित किए जाएंगे। आपको बतादे कि वार्ड पार्षद अनुसुइया सन्यासी मेहर के निवेदन पर गरीब दलित और पिछड़े मोहल्लों के उत्थान के लिए हमेशा सजग और प्रयासरत रहने वाली नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनील शर्मा की अनुशंसा पर मंत्री उमेश पटेल द्वारा वार्ड नंबर 10 खंती पार जो की घास भूमि थी उसे आबादी भूमि घोषित करवाया गया ताकि मोहल्लेवासियों को पक्के मकान का लाभ प्राप्त हो सके। इसके पूर्व भी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनील शर्मा द्वारा ठाकुरदिया मोहल्ला, संजय नगर एवं हरिजन मोहल्ला को भी आबादी भूमि घोषित करवा कर उसमें निवासरत गरीबों को पक्का आशियाना बनाने हेतु भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया था जो कि अब लगभग संपूर्णता की ओर अग्रसर है।उपरोक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा, सीएमओ अंकुर पांडे, वार्ड पार्षद श्रीमती अनुसुइया सन्यासी मेहर, विनोद लाला राठौर, परीक्षित राठौर, संतोष राठौर रेशम मुन्ना गवेल, ज्योति राठौर एवं अन्य पार्षद व एल्डरमैन तथा मोहल्लेवासियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी मोहल्लेवासियों ने मंत्री उमेश पटेल को धन्यवाद दिया एवं अपनी खुशी जाहिर की तथा शहीद नंदकुमार पटेल अमर रहे व उमेश पटेल जिंदाबाद के नारे लगाए।

सभी प्राथमिक शालाओं में हुआ अँगना में शिक्षा मेला एवं पढ़ई तिहार कार्यक्रम

रायगढ़, 26 अप्रैल। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला एवं जिला मिशन समन्वयक रायगढ़ श्री नरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में विकास खण्ड रायगढ़ अंतर्गत संकुल केंद्र-डोंगीतराई में बहुप्रतीक्षित स्क्रोच अवॉर्ड से सम्मानित अंगना में शिक्षा कार्यक्रम 3.0 अंतर्गत मेला एवं पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। आज संकुल डोंगीतराई के सभी प्राथमिक विद्यालयों में अँगना मा शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत पढ़ाई तिहार मेले का सफल आयोजन हुआ। जहाँ बहुत अधिक संख्या में माताएं एएमसी, एसएमसी सदस्य शामिल हुये। सबकी अच्छी सहभागिता से कार्यक्रम सुव्यवस्थित हुआ।

जहाँ सभी स्कूल अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र से समन्वय स्थापित कर पालकों और माताओं की उपस्थिति में एक अच्छा कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यक्रम में सम्मानित हुई स्मार्ट माताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करने के लिए धन्यवाद किया और इस दिशा में आगे भी अच्छा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्री नेतराम राठिया मा.शा.डोंगाढ़केल ने पढ़ाई तिहार पर स्वरचित छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया।

38 दिन तक धरना के बाद अब भूख हड़ताल की राह पर पंचायत सचिव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,26अप्रैल। 38 दिन तक धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने के बावजूद शासन प्रशासन द्वारा मांगे नहीं मानने के चलते पंचायत सचिव संघ कल से क्रमिक भूख हड़ताल पर चला गया है जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में गरियाबंद ब्लॉक के पंचायत सचिव क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं 5- 5 सचिव प्रतिदिन भूख हड़ताल पर बैठ रहे हैं भूख हड़ताल के आज दूसरे दिन पंचायत सचिवों ने सबसे पहले महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन किया इसके बाद हड़ताली सचिवों ने भूख हड़ताल करते हुए शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की सचिवों का कहना है कि 32 विभागों के 200 से अधिक सरकारी कामकाज की देखरेख सबसे निचले स्तर पर गांव-गांव में यह सचिव करते हैं बावजूद इसके शासन-प्रशासन बीते कई साल से मांग करने के बावजूद इन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने तैयार नहीं है जिससे इन कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है इनका कहना है कि फिर चुनाव आने वाला है गांव-गांव में चुनाव की तैयारियों सहित चुनाव सही ढंग से संपन्न करवाने के लिए भी सचिवों की ड्यूटी कई बार लगाई जाती है मगर उन्हें शासकीय कर्मचारी अब तक नहीं माना गया कई सचिव ऐसे थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन काल इस कार्य में लगा दिया मगर रिटायर होने के बाद ना तो पेंशन ना ही अन्य प्रकार के कई फायदे इन्हें नहीं मिलते आईन सचिवों ने अपनी मांग को बताते हुए कहा कि केवल 1 सूत्री मांग है शासकीय करण किया जाए जिसके चलते इन्हें बाकी सरकारी कर्मचारियों की तरह गृह भाड़ा भत्ता चिकित्सा भत्ता यात्रा भत्ता आदि मिलने लगे इनका कहना है कि इनके पंचायतों के सरकारी कामकाज को कराने आए दिन जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत के कार्यालय आना पड़ता है ऐसे में इनके वेतन की एक बड़ी राशि पेट्रोल और अन्य खर्चों में खत्म हो जाती है। उन्होंने बताया कि इससे पहले दो बार हड़ताल के समय उन्हें प्रशासन से आश्वासन देते समय समय सीमा भी तय की गई थी कि दिसंबर 2021 तक इनकी मांगों पर हल निकाल लिया जाएगा मगर हड़ताल से उठने के बाद इन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया सचिवों ने इस बार आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनुज ठाकुर ने कहा कि जब तक नियमितीकरण नहीं तब तक हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी।

251 जोड़ो का सामूहिक तुलसी विवाह उद्यापन कार्यक्रम 23 व 24 नवंबर को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया,26 अप्रैल। महिला जागरण मंडल खरसिया द्वारा दिनांक-23 एवं 24 नवंबर 2023 को दो दिवसीय तुलसी विवाह एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम स्थान- अजीत सिंह नगर एवं कन्या भवन खरसिया में रखा गया है। छत्तीसगढ़ में पहली बार 251 जोड़ो का सामूहिक तुलसी विवाह एकादशी उद्यापन में शामिल होने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा एवं कलकत्ता से उद्यापनकर्ता पहुंचेंगे।

तुलसी विवाह कार्यक्रम में हिंदुस्तान के सर्वश्रेष्ठ कथा वाचक- श्री पुनीत कृष्ण जी महाराज (वृंदावन) के मार्गदर्शन में 51 विद्वान पंडितो की टीम द्वारा पूरे विधि-विधान से उद्यापन कार्य संपन्न कराया जावेगा। विदित हो की इनके सानिध्य में कोरबा, अकलतरा एवं झारसुगड़ा में सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है की तुलसी विवाह उद्यापन कार्यक्रम के लिए पंडित श्री पुनीत कृष्ण जी महाराज पूरे हिन्दुस्तान में विशेष रूप से जाने जाते है एवं इनका मार्गदर्शन व सानिध्य पाने एवं तुलसी विवाह का भरपूर आनंद लेने हिन्दुस्तान के कोने-कोने से इनके शिष्य खरसिया कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

भव्य शोभा यात्रा एवं बारात

आयोजन समिति के प्रमुख ने बताया कि तुलसी विवाह कार्यक्रम नृत्य-नाटिका एवं संगीतमय भजनों के साथ संपन्न होगा तथा शोभा यात्रा एवं बारात को और भी आकर्षक स्वरूप देने के लिए नगर की युवा टीम बैंड-बाजा, धमाल, आतिशबाजी एवं झाकियों सहित अन्य व्यवस्था करने में उत्साह के साथ लगी हुई है।दिनांक- 23 नवंबर को तुलसी विवाह उद्यापन कार्यक्रम, शोभा यात्रा एवं बारात तथा 24 नवंबर को हवन महाप्रसाद व भोग भंडारा का कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में समस्त पूजा सामग्री समिति द्वारा दी जावेगी एवं प्रसिद्ध कैटर्स द्वारा नाश्ता भोजन व फलाहार इत्यादि की व्यवस्था की जावेगी। बाहर से आने वाले उद्यापनकर्ताओ के लिए कन्या भवन में रुकने की निःशुल्क व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है।

'कलेक्टोरेट शिविर में 209 आयुष्मान काड बनाया गया

रायगढ़, 26 अप्रैल। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट परिसर में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जहां कलेक्टोरेट में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के साथ कलेक्टोरेट में अपने कामों से आये जनसामान्य ने भी इसका लाभ उठाया। आज कुल 209 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बना। इसी तरह आगामी तिथियों में भी अलग-अलग शासकीय कार्यालयों में भी आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां जनसामान्य भी जाकर इसका लाभ उठा सकते है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आपके द्वारा आयुष्मान अभियान के चतुर्थ चरण अंतर्गत शेष बचे हुए हितग्राहियों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाई से जोड़ कर रखें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 26 अप्रैल। पढ़ई तिहार के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खट्ठी में आज अंगना म शिक्षा 3.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी बाई ध्रुव, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, अध्यक्षता श्रीमती ममता निषाद ने की एवं विशेष अतिथि श्रीमती प्रेमीन बाई ध्रुव एवं श्रीमती अश्वनी पटेल थी। स्मार्ट माता के रूप में श्रीमती ललेश्वरी कमार का चयन कर सम्मान किया गया। आयोजन में आंगनबाड़ी के बच्चे भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया, जिला शिक्षाधिकारी डी .एस. चौहान, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्याम चंद्राकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर. पी. दास एवं विकास खण्ड स्रोत समन्वयक तेजेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में हो रहे इस आयोजन में प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने पढ़ई तिहार अंगना म शिक्षा 3.0 की विस्तृत जानकारी दी। इस आयोजन में ग्राम की माताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा गर्मी की छुट्टियों में किस तरह घर मे ही रहकर बच्चो को खेल खेल में अध्ययन अध्यापन से जोड़कर रखा जाए यह बताया गया। अंगना म शिक्षा के तहत माता उन्मुखीकरण आदि आयोजन समय समय पर किया जाता है उसी कड़ी में पढ़ई तिहार के तहत यह आयोजन किया गया,इसमें उपस्थित माताओं को अंगना म शिक्षा के महत्त्व से परिचित कराया गया तथा किस तरह से घर मे भी बच्चो को शिक्षा से जोड़कर रखा जा सकता है । कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने अपने बच्चो से गतिविधि करा कर अंगना म शिक्षा नाम को साकार किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन सहायक शिक्षक नारायण चंद्राकर ने किया, इस अवसर पर श्रीमती चमेली बाई ध्रुव, श्रीमती अश्वनी कमार, श्रीमती परमेश्वरी ध्रुव, श्रीमती दुर्गा बाई ध्रुव, श्रीमती ललेश्वरी कमार,श्रीमती पूर्णिमा निषाद, श्रीमती पुनीता ध्रुव, श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती पूर्णिमा कमार, श्रीमती नन्द कुंवर यादव, शिक्षक गण श्रीमती टोकेश्वरी आमदे, चैन सिंह यादव, देवेंद्र काशी, नारायण चंद्राकर, भुनेश्वर ध्रुव, तामेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

सेमिनार में दिया छात्रों को करियर गाइडेंस

महासमुंद । रविवार को कैरियर गाइडेंस सेमिनार का जिले के बाग़बाहरा ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित हुआ। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य आज के विद्यार्थी वर्ग को उनके करियर का चुनाव करने के लिए एक नई सोच एवं दिशा प्रदान करना था। आज की विद्यार्थी पीढ़ी अपने करियर को लेकर बहुत ज्यादा भ्रमित हो रही है। इस सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को कई नवीन क्षेत्रों से अवगत कराया। सेमिनार में संसदीय सचिव व विधायक खल्लारी श्री द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर, वनमंडलाधिकारी श्री पंकज राजपूत के साथ ही जिला पंचायत सीईओ भी उपस्थित थे। संसदीय सचिव श्री द्वारिकाधीश यादव ने विद्यार्थियों को सफल होने के लिए परम्परागत तरीकों से रटकर पढ़ने की बजाय व्यावहारिक सोच के साथ अध्ययन करने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने कहा शिक्षा की गुणवत्ता तथा विश्वास में बढ़ोतरी कर बच्चें नए मुकाम तक पहुँच सकते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में प्रदेश के सभी महाविद्यालयों का नैक से मूल्यांकन एवं प्रत्यायन किये जाने का कार्य अभियान के तौर पर किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों एवं सभी वर्ग के विद्यार्थियों को आधुनिकतम सुविधाओं के साथ गुणवत्ता शिक्षा दिये जाने की दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर प्रयासरत है।

पढ़ाई तिहार में माताओं को दिया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 26 अप्रैल। शिक्षा विभाग तथा समग्र शिक्षा द्वारा आज प्रदेश के 30900 से अधिक स्कूलों में पढ़ाई तिहार के तहत अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.... इसमें समग्र शिक्षा द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम के आधार पर माताएं घरेलू सामग्रियों के माध्यम से आगामी डेढ़ माह तक घर पर बच्चों को चीजों को पहचानना रंग पहचानना गिनती सीखना तथा कई महत्वपूर्ण चीजें खेल-खेल में सिखाएंगे आज माताओं को स्कूल बुलाकर इसका प्रशिक्षण दिया गया कि कैसे वह बच्चों को आगामी सत्र प्रारंभ होने के पहले घर पर ही काफी अच्छे ढंग से खेल खेल में पढ़ा सकती हैं। गरियाबंद के 977 प्राथमिक शालाओं के साथ-साथ प्रदेशभर की 30 हजार 900 प्राथमिक शालाओ में आज पढ़ाई तिहार कार्यक्रम के तहत अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की माताओं को स्कूल में बुलाकर बच्चों को स्कूल आने के पहले किस तरह घर पर ही बेसिक शिक्षा दी जाए इसका प्रशिक्षण दिया गया घरेलू चीजों जैसे सब्जी बर्तन, कपड़े, अन्य सामग्रियों के माध्यम से खेल खेल में उन्हें गिनने रंग पहचानने बच्चों को कुछ याद रखने आदि चीजें कैसे सिखाएं इसका प्रशिक्षाण आज माताओं को दिया गया वही बच्चों को भी स्कूल में किस तरह उन्हें अच्छे वातावरण के बीच में पढ़ाई करवाई जाएगी इसका उदाहरण दिया गया जिले के मरोदा ग्राम में आयोजित अंगना में शिछा कार्यक्रम मैं पहुंचे समग्र शिक्षा के मिशन संचालक श्याम चंद्राकर ने बताया कि बच्चों को घर पर ही उपलब्ध सामग्रियों के माध्यम से उनकी माताओं द्वारा स्कूल पहुंचने के पहले किस तरह बेसिक शिक्षा दी जाए इसके लिए समग्र शिक्षा ने विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया है माताओं को बुलवाकर आज उस पाठ्यक्रम के हिसाब से प्रशिक्षित किया गया अब प्रतिदिन संध्या माताएं अपने और पड़ोस के बच्चों को भी बुला कर कम से कम डेढ़ घंटा पाठ्यक्रम में सुधार गए तरीके से खेल खेल में पढ़ाई करवाएंगे ताकि 15 जून को जब स्कूल खुले और बच्चे वहां आए तो पहले से उन्हें शिक्षा की बेसिक जानकारी उपलब्ध रहें।

पालिका परिसर में 56 स्ट्रीट वेंडरों को दुकान किया गया आवंटित

महासमुंद,26 अप्रैल। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार के सामने स्ट्रीट वेंडरों के लिए बनाए गए दुकानों का मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष सभाकक्ष में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर की मौजूदगी में पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने लॉटरी पद्धति से 56 स्ट्रीट वेंडरों को दुकान आवंटित किया गया।

नगर पालिका सीमा पर नेशनल हाईवे 353 की दोनों ओर लंबे समय से गुमटियां और ठेला लगाकर अपना जीवनयापन करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को सड़क विस्थापित करने के प्रयास को मंगलवार को मूर्तरूप दिया गया। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, दाऊलाल चंद्राकर की मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने अध्यक्ष सभाकक्ष में पूर्व सूचीबद्ध किए गए स्ट्रीट वेंडरों लॉटरी पद्धति से चीट निकाल कर 56 लोगों को दुकानों आवंटित किया गया। बता दें कि, कोरोना काल के पहले से स्ट्रीट वेंडरों को व्यवस्थापन करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन वैश्विक महामारी के कारण लोगों को आर्थिक संकटों के दौर से गुजरना पड़ा। इसके बाद स्थिति सामान्य होने पर स्ट्रीट वेंडरों ने 5-5 हजार रुपए अमानत राशि नगर पालिका में जमा कराया था। दुकान आवंटन के पहले 10-10 हजार रुपए अमानत राशि के तौर पर जमा कर आवंटन प्रक्रिया में शामिल हुये। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने दुकान पाने वाले को शुभकामनाएं देते हुए कहा अब व्यवस्थापन के बाद सभी अपने अपने निर्धारित स्थान पर दुकान का संचालन करें। इस नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने स्ट्रीट वेंडरों से कहा जिन्हें भी दुकानें आवंटित हुई है वे अपने व परिवार के किसी भी सदस्य को पुनः उसी स्थान पर ठेला या गुमटियां लगाते हुए पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा आवंटित स्थल पर ही अपना रोजगार चलाएं।इस अवसर पर पार्षद पवन पटेल, मंगेश टकसालें, बबलू हरपाल, हफ़ीज़ कुरैशी, गोलू मदनकार, डमरू धर माँझी, तरेन चंद्राकर, महेंद्र सिका, सीएमओ डी एल वर्मन, राजस्व निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, गुमान सिंह ध्रुव, आरिश अनवर, विजय श्रीवास्तव सहित पालिका कर्मचारी गण उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के शेष सर्वे को समय-सीमा में पूर्ण करें:कलेक्टर

बीजापुर 26 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता । कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने शेष बचे टारगेट को समय-सीमा के भीतर शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अर्न्तगत नवीन पंजीयन आवेदनों का ऑनलाईन एन्ट्री में तेजी लाने एवं बेरोजगारी भत्ता योजना के पात्र हितग्राहियों का सत्यापन कर, जिले के समस्त पात्र अभ्यर्थियों को योजना से लाभान्वित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र सुलभ कराने राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप शतप्रतिशत पात्र विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा के अर्न्तगत प्रावधानों के अनुरूप आरबीसी 6-4 के प्रकरणों को नियत समय में पूर्ण कर आवश्यक मुआवजा स्वीकृत करने आंधी तूफान में स्कूल, आश्रम के भवन की क्षति होने पर तत्काल मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। हैण्डपंप विहिन चिन्हीत बसाहटों में त्वरित हैण्डपंप स्थापित कराने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछड़े विकास खण्ड मुख्यालय में स्वीकृत विकास कार्यों के अर्न्तगत नवीन पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, अनाज संग्रहण केन्द्र, पीडीएस दुकान, एसएचजी वर्किंग शेड पेयजल हेतु हैण्डपंप स्थापना, देवगुड़ी निर्माण कार्यों की प्रगति कि सतत निगरानी रखने एवं विकास कार्य स्वीकृत करने को कहा। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संचालित मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का समुचित संचालन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं डेंगू, तथा मलेरिया से बचाव एवं उनके मरीजों को समुचित ईलाज सहित डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए लोगो को जागरूकता लाने के निर्देश दिए। जिले में संचालित विकास कार्यो एवं आर्थिक गतिविधियों का समुचित संचालन गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट के उत्पादन बढ़ाने एवं विक्रय हेतु दिशा-निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा व्यक्तिगत किसानों द्वारा स्वीटकार्न की खेती की जा रही है। उन्हे तकनीकी मार्गदर्शन प्रदाय कर उत्पादन एवं आजिविका में वृद्धि के लिए आवश्यक निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने संचालित योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दवाईयों की उपलब्धता, गुणवत्ता का नियमित निरीक्षण करने, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुऐ सार्वजनिक जगहों पर शीतल पेयजल राहगीरों एवं आम नागरिकों को उपलब्ध कराने प्याऊ घर संचालित करने के निर्देश दिए।

नियमित वितरण एवं एट्री नहीं होने पर कैका और कडेर की राशन दुकान निलंबित

बीजापुर 26 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता । अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी ने कैका एवं कडेर राशन दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत सरपंच ग्राम पंचायत कैका को ग्राम पंचायत कैका की उचित मूल्य दुकान आबंटित की गई थी, विक्रेता ग्राम पंचायत कैका के द्वारा प्रतिमाह मासिक समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं होने, प्रतिमाह समय पर डीडी राशि जमा नहीं करने तथा ईपोस मशीन में नियमित वितरण एवं एन्ट्री नहीं करने के कारण सरपंच ग्राम पंचायत कैका को आबंटित शासकीय उचित मूल्य दुकान कैका को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकान मार्केटिंग बीजापुर में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से संलग्न किया गया है एवं इसी तरह ग्राम पंचायत कडेर को ग्राम पंचायत कडेर की उचित मूल्य दुकान आबंटित की गई है। विक्रेता ग्राम पंचायत कडेर के द्वारा प्रतिमाह मासिक समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं होने प्रतिमाह समय पर डीडी राशि जमा नहीं करने तथा ईपोस मशीन में नियमित वितरण एवं एन्ट्री नहीं करने के कारण सरपंच ग्राम पेदाकरोरमा में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से संलग्न किया गया है।

प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए 30 अप्रैल को परीक्षा

बीजापुर 26 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता । प्रयास विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 30 अप्रैल को जिला स्तर पर 02 परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। परीक्षा में विद्यार्थी को बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा हाल में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी। सर्व विद्यार्थी एवं पालकों को सूचित किया गया है कि प्रवेश पत्र हेतु लिंक द्रद्यद्वह्ल14ह्ल.ड्डद्बठ्ठद्ग पर या नजदीकी चॉइस सेंटर से निकाल सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु खंड शिक्षा कार्यालय बीजापुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा एवं एकलव्य विद्यालय से संपर्क कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

अब जिला परिवहन कार्यालय में ही समस्त पंजीकृत टैक्सी, ऑटो वाहन का परमिट मिलेगा

महासमुंद। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार छत्तीसगढ़ के अनुसार मोटरयान अधिनियम के अधीन मोटरकैब, मैक्सी कैब के अस्थायी अनुज्ञापत्र जारी करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी सह सहायक सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार को प्रत्योजित किया गया है। जिसके परिपालन में 21 अप्रैल से जिला परिवहन कार्यालय महासमुंद में मोटरकैब, मैक्सी कैब का परमिट जारी किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राम कुमार ध्रुव ने जिले के पंजीकृत समस्त टैक्सी, आटो वाहन स्वामियों को सुचित करते हुए कहा है कि अपने स्वामित्व के वाहनों का परमिट अब जिला परिवहन कार्यालय महासमुंद से प्राप्त कर सकते है। साथ ही जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए घोषणा के अनुरूप महासमुंद जिले में कुल 17 परिवहन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से 1 जून 2022 से 24 अप्रैल 2023 (11 महीने में) अब तक कुल 2239 आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस प्रदाय किया जा चुका है।

धनसुली के गिरीश को मिली 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

महासमुंद। महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम धनसुली के गिरीश कुमार पटेल ने ग्राम सिरपुर में आयोजित मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान अपने पैर में लगे राड को निकलवाने के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिस पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी महासमुन्द निलेशकुमार क्षीरसागर ने भारतीय रेडक्रास सोसायटी मद से 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता के रूप में स्वीकृति दी है। आज उन्हें उक्त राशि को चेक के माध्यम से सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे द्वारा मरीज के पिता भूखाराम पटेल एवं गिरीश कुमार पटेल को प्रदान की गई।

हज की दूसरी किश्त जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ी:मोहम्मद असलम

गरियाबंद, 26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन

मोहम्मद असलम खान ने बताया की, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 12 से प्राप्त सूचना अनुसार, हज 2023 की दूसरी किश्त जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाकर 28/04/2023 निर्धारित किया गया है, अतः हज यात्री अब दिनांक 28/04/2023 तक यात्रा की दूसरी किश्त जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।

एक नजर

पंचायत सचिवों ने दूसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रखी

डोंगरगढ़ 26 अप्रैल। प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ छग के आह्वान पर आज दिनांक 24 अप्रैल से को अनिश्चित कालीन भूख हडताल जनपद पंचायत डोगरगढ़ मे जारी है। प्रांतीय निकाय के आह्वान पर क्रमिक भूख हडताल के द्वितीय दिवस का शुभारंभ पंचायत सचिव संघ के सचिवो में बालाराम वर्मा , नारद सोनवानी कमलेश नेताम ,प्रकाश रामटेके ,राजू वर्मा, एक सूत्रीय मांग 2 वर्ष परीविक्षा अवधि पश्चात् शासकीयकरण के समर्थन मे भूख हड़ताल पर डटे रहे। डोंगरगढ़ ब्लॉक के 72 सचिव आज हड़ताल पंडाल पर उपस्थित रहे। पंचायत सचिवों कै हड़ताल के कारण ग्राम पंचायतों के समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं के समस्त कार्य, गोधन न्याय योजना, नामांतरण बंटवारा, फौती, जन्म-मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन, जन चौपाल, राशनकार्ड, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सहित शासन के समस्त कार्य ठप पड़ गए है। जिसमे ग्रामीणों मे शासन के खिलाफ आक्रोश धीरे-धीरे दिखाई देने लगा है। क्रमिक भूख हड़ताल के बाद भी सचिवो की मांगों पर कोई पहल नहीं किया जाता है तो सभी सचिव आमरण अनशन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

नवयुवक ने पेड़ में फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली

डोंगरगढ़ 26 अप्रैल। ग्राम पंचायत कोलेन्द्रा के नवयुवक ने फांसी लगा मौत को गले लगाने की घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया. प्रार्थी पिता की सूचना पर पुलिस ने मौकास्थल पहुँच शव को उतार पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम कर जाँच में लिया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उत्तम उर्फ गोलू खरे पिता सुकुल खरे उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी कोलेन्द्रा ने 25 अप्रेल को अपने स्वयं के खेत में लगे बबूल पेड़ की शाखा से नाईलोन रस्सी के सहारे फन्दा लगा अपने जीवन की ईहलीला समाप्त कर ली. बताया जाता है मृतक नवयुवक का डाक्टरी इलाज जारी था व अपनी बीमारी के कारण मानसिक रूप से परेशान था जिसके कारण इतना बड़ा कदम उठा मौत को गले लगाने के कयास व आशंकाए जताई जा रही है. वहीं घटना स्थल पर पुलिस को कोई सुसाइड नोट प्राप्त नहीं हुआ है व परिजनों ने बताए अनुसार नवयुवक सुबह लगभग 4 बजे प्रातः निकला था जिस पर घर वालो ने सुबह की सैर समझ रोकटोक नहीं की गई पर उन्हें क्या मालूम था कि उनके घर का चिराग हमेशा के लिए बुझ जायेगा. फिलहाल मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट व इलाज की रिपोर्ट आने पर स्पष्ट हो पायेगा।

श्याम बाई साहू बनी प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष

कसडोल 26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू , महिला प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू के अनुशंसा पर महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजिका शीलू साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से



समाज के प्रति समर्पित महिलाओं को उन्हें अलग-अलग दायित्व प्रदान किया गया। जिसमें जिला बलौदाबाजार के कसडोल से श्रीमती श्याम बाई साहू को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति पर श्रीमती श्याम बाई साहू ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए वह निरंतर कार्य करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि समाज के लोगों की सेवा के लिए मुझे यह अवसर मिल पाया है। अपनी नियुक्ति पर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व साहू संघ का आभार व्यक्त किया है। इसी तरह प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ कार्यकारणी में चित्रलेखा साहू रायपुर एवं भूमिका साहू रायपुर को प्रदेश सह संयोजिका, प्रभा साहू धमतरी एवं किला बाई साहू जांजगीर को संगठन महामंत्री, सुनीता साहू रायगढ़ एवं रागिनी साहू दुर्ग को प्रदेश सलाहकार, श्यामा साहू धमतरी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, सोनिया साहू रायपुर, उषा साहू जगदलपुर, भारती लोकराम साहू मुंगेली को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निर्मला साहू रायपुर, केसरी मोहन साहू अमसेना रायपुर, डाली साहू गरियाबंद, टीलेश्वरी साहू जांजगीर, कुंती साहू सारंगढ़, भुवनेश्वरी साहू जैजैपुर, सावित्री साहू कोरबा, अंबालिका साहू मुंगेली, खीर साहू रायगढ़, बबली साहू बीजापुर को प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी गई।

जिले में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

साफ-सफाई और मच्छरों से बचाव पर हुए विविध कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 26 अप्रैल। आज के दिन 25 अप्रैल को पूरे विश्व में मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम टाइम टू डिलिवरी जीरो मलेरिया इनवेस्ट, इनोवेट, इंप्लीमेंट. निर्धारित था। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की इस अवसर पर मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने हेतु कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला मुख्यालय,विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर प्रचार- प्रसार एवं जागरूकता की गतिविधियों के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमे पोस्टर, नारे,बैनर,वेलनेस केंद्रों पर मितानिन समूह की बैठक आयोजित करते हुए जन समुदाय को मलेरिया के रोकथाम हेतु संदेश दिया गया। जिले में मलेरिया की स्थिति को लेकर सीएमएचओ डॉ महिस्वर ने

बताया कि पुराने बलौदाबाजार भाटापारा जिलें जिसमें बिलाईगढ़ भी सम्मिलित था उसको मिलाकर वर्ष 2016 में 883 केस दर्ज किए गए थे। 2021 में 152 मलेरिया के केस प्राप्त हुए थे जबकि वर्ष 2022 में यह घट कर 79 ही रह गए। उक्त आंकड़ों से समझा जा सकता है कि जिले में मलेरिया के केस पिछले कुछ वर्षों में काफी कम हुए हैं । 2022 में ही 1 लाख 71 हजार 708 लोगों की मलेरिया जांच की गई थी। नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया इरेडिकेशन के तहत 2030 तक मलेरिया उन्मूलन हेतु लक्ष्य वर्ष 2024 तक निर्धारित किया गया है। 1000 की जनसंख्या में 1 से कम मलेरिया प्रकरण लाने का लक्ष्य है। 2027 तक स्थानीय संक्रमण को रोकना भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किया गया है. मलेरिया कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर साफ रुके हुए पानी मे जन्म लेता है। अतः इस से बचाव के लिए घर के आसपास कहीं भी पानी जमा नहीं होने देना चाहिए । छत पर रखी पानी की टंकी को साफ तथा ढक कर रखना सही होता है. कूलर तथा पानी के बड़े बर्तनों को सप्ताह में एक बार सुखाने के बाद ही उपयोग में लाना चाहिए,स्रोत समय कीटनाशक से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग किया जाना आवश्यक है ,और यदि कहीं पानी जमा हुआ है तो वहां मोबिल आइल या मिट्टी का तेल डालकर मलेरिया के लार्वा को नष्ट किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मितानिन कार्यक्रम तथा पंचायतों के माध्यम से स्रोत नियंत्रण गतिविधियां समय-समय पर की जाती रही हैं जिससे मच्छर का लार्वा न पनपने पाए तथा बीमारी का संक्रमण ना हो। इसमें गम्बूजिया मछली का वितरण भी सम्मिलित है. मलेरिया रोग की दशा में अचानक ठंड लगना, बुखार आना, बदन एवं सिर में दर्द, रक्त की कमी कमजोरी,पसीने के साथ बुखार उतर जाना बुखार, हर दूसरे या तीसरे दिन या बार-बार आना यह कुछ प्रमुख लक्षण मलेरिया के होते हैं। फेलसीपेरम मलेरिया के केस में जान को भी खतरा हो सकता है. मलेरिया की जांच इस समय ग्राम में मितानिन स्तर तक उपलब्ध है। रैपिड टेस्ट किट से इसका तत्काल परीक्षण किया जा सकता है । इसके उपचार से संबंधित दवाइयां भी स्वास्थ्य केंद्र से निशुल्क प्राप्त की जा सकती हैं । विभाग द्वारा अविभाजित जिले में वर्ष 2020-21 में 22080 कीटनाशक उपचारित मच्छरदानियों का वितरण किया गया था । इस वर्ष 2023 में कसडोल के बार नयापारा क्षेत्र में कीटनाशक का छिड़काव भी किया जाएगा। इलाज में देरी होने पर व्यक्ति की जान भी जा सकती है अतः किसी भी हाल में लापरवाही उचित नहीं है ।

नगर का एकमात्र गार्डन चौपाटी बच्चों,महिला एवं गणमान्य पुरुषों के लिए घूमने का एक महत्वपूर्ण स्थान

तिल्दा नेवरा 26 अप्रैल। नगर का एकमात्र गार्डन चौपाटी इस वक्त सुबह और शाम बच्चों के लिए महिला एवं गणमान्य पुरुषों के लिए घूमने का एक महत्वपूर्ण स्थान बना



हुआ है शाम को गर्मी की छुट्टी में आने वाले बच्चे भारी तादाद में इस गार्डन में पहुंचते हैं और अपना मनोरंजन करके दिल खुश करते हैं जबकि गार्डन चौपाटी के झूले टूट चुके हैं बच्चों के झूलों की संख्या मात्र 2 है अन्य जो झूले लगे हुए हैं बच्चों के खेलने के जो लगे हुए हैं वह सब जर्जर हालत में हो चुके हैं छोटे-छोटे बच्चे फिसल पट्टी एवं अन्य झूलों में खेलने के लिए जब प्रवेश करते हैं तो मैं झूले को टूटा हुआ देखकर मायूस हो जाते हैं गार्डन चौपाटी में आए हुए परिवार जनों ने महिला पुरुष अन्य लोगों ने बताया कि तिल्दा नेवरा में मात्र एक गार्डन चौपाटी होने के बावजूद साज सज्जा एवं बच्चों के लिए खेलकद जो जर्जर हालत में हो चुके हैं छोटे-छोटे बच्चे अक्सर झूले के पास दो बड़े झूलों के पास लंबी-लंबी कतारें लगा कर के अपनी बारी का इंतजार करते हैं क्योंकि इस गार्डन में बच्चों के लिए झूलों की संख्या सीमित है ईश्वर सत्यनीय जनप्रतिनिधि मौन है और ना ही शहर के समाज सेवक दानदाता खास ध्यान नहीं दे रहा है चौपाटी जरूर बनी परंतु चौपाटी की जो दुकानें हैं वह अभी आवंटन नहीं हुई है नहीं शुरू की गई है गार्डन चौपाटी के मुख्य गेट के समक्ष कुछ ठेले जरूर लगते हैं लेकिन जहां चौपाटी बनाई गई उसकी कोई सुध नहीं ले रहा है तिल्दा नेवरा एक बड़ा औद्योगिक केंद्र बनते हुए जहां एसडीएम की अनु भाग्य दर्जा प्राप्त होता है तो दूसरी ओर आस-पास बड़े-बड़े सीमेंट संयंत्र पावर प्लांट राइस मिल के विशाल संख्या में यहां स्थापित है लेकिन लोगों के लिए जिस तरह से गार्डन बनना चाहिए और लोगों के लिए मनोरंजन का केंद्र होना चाहिए वैसा नहीं है लोगों का कहना है कि अगर नगर के 22 पार्षद है यह सब इस गार्डन चौपाटी की ओर ध्यान दें तो यह एक अनोखा चौपाटी केंद्र बन सकता है जो तिल्दा नेवरा के बीचोबीच नगर पालिका कार्यालय के पास में बनाया गया है और छोटे-छोटे दो गार्डन को एक किया जाए तो यह बहुत ही लोगों के लिए उपयोगी हो सकता है।

स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति से सिविल हॉस्पिटल भाटापारा में बढ़ी सुविधाएं

भाटापारा 26 अप्रैल। सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति के बाद से ही सिविल अस्पताल भाटापारा में स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी इज़ाफ़ा हुआ है।इस बारे में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया की सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी के कारण सिजेरियन प्रसव के अतिरिक्त अन्य कई महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता में असुविधा होती थी. जिस पर ध्यान देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के मार्गदर्शन में कलेक्टर बंसल द्वारा खनिज न्यास निधि से स्वीकृति देकर डॉ कंवलजीत कौर की नियुक्ति की गई है। 15 दिसम्बर 2022 से यहां ओटी शुरू हुआ है जिसके बाद अब तक 57 सिजेरियन प्रसव हो चुके हैं। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता से न केवल सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध हुई है बल्कि अन्य कई स्त्री रोग समस्याएं जैसे कैंसर की स्क्रीनिंग, सिस्ट का ऑपरेशन,ब्रेस्ट में बने पस का भी उपचार किया जाता है। इक्लैंप्सिया के कारण

गर्भावस्था के दौरान रक्तचाप बढ़ने और पेशाब में प्रोटीन की मात्रा बढ़ने (प्रीक्लैंप्सिया) की समस्या हो सकती है इसके निदान की भी व्यवस्था की जाती है।अस्पताल में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कंवलजीत कौर ने बताया की अस्पताल में प्रसव से सम्बंधित कई जटिल ऑपरेशन किये गए हैं। ग्राम खपरी निवासी 27 वर्षीय महिला जिसका पूर्व में एक निजी अस्पताल में सिजेरियन हुआ था उसे जब सिविल अस्पताल लाया गया तब पाया गया की महिला का गर्भाशय,ब्लाडर,मसल चिपके हुए थे.जिसे 2 घण्टे के ऑपरेशन कर के ठीक किया गया। महिला को 10 दिन अस्पताल में रखा गया। इसी प्रकार ग्राम किरना की 25 वर्षीय महिला को जन्म से ही एक किडनी थी,उसका भी सफलता पूर्वक सिजेरियन प्रसव किया गया।

समाचार संक्षेप

आरोपी से 31 पाव देसी मदिरा मसाला शराब जब्त

बलौदाबाजर 26 अप्रैल। श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा द्वारा जिले में अवैध शराब,जुआ,सट्टा के धंधे में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगाह रखी जाकर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सचिंद्र चौबे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा श्री आशीष अरोरा एवं थाना प्रभारी विनोद मंडावी के मार्गदर्शन में निपनिया सहायता केंद्र प्रभारी ईश्वर टोप्पो द्वारा विशेष अभियान चलाकर शराब के धंधे में संलिप्त आरोपी ¬ किशोर वर्मा पिता देव कुमार वर्मा उम्र 35 वर्ष ग्राम बोरसी (ध)थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आज दिनांक 24-04-2023 को मुखबीर की सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर में देसी मदिरा मसाला शराब रखा हुआ है कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के मौका पहुंचकर गौशाला में एक सफेद प्लास्टिक बोरी के अंदर रखे 31 पाव देसी मदिरा मसाला शराब मिला व्यक्ति का नाम पता पुछने पर किशोर वर्मा पिता देव कुमार वर्मा उम्र 35 वर्ष ग्राम बोरसी (ध) थाना भाटापारा ग्रामीण आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक की बोरी के अंदर रखे 31 पाव देसी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक पाव में 180द्वद्य शराब भरी सील बंद होलोग्राम लगा हुआ जुमला 5.580 बल्क लीटर कीमती ?3410 जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया । उक्त कार्यवाही निपनिया प्रभारी ईश्वर टोप्पो के निर्देश पर प्रधान आरक्षक संत मिलाप ध्रुव आरक्षक हेमंत बंजारे, चंद्रिका प्रसाद वर्मा द्वारा की गई।

रात्रि को घर घुसकर मारपीट करने वालों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजर 26 अप्रैल। जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक श्री सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी श्री सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्रमांक 243/2023 धारा 294, 323, 506, 427, 34 भादवि के आरोपीगणों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया नाम आरोपी *01.अकबर खान पिता स्वम0 राज मोहम्मद खान उम्र 20 साल02. छोटू ऊर्फ सेख ईजराईल खान पिता शेख दिल मोहम्मद उम्र 23 साल साकिनान पंचशील नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार । मामला इस प्रकार है कि दिनांक 24/04/2023 को रात लगभग 10/00 बजे छोटू खान ऊर्फ शेख ईजराईल खान व अकबर खान के द्वारा प्रार्थी बिटावन बाई के घर के सामने अपने मोटर सायकल को खडी कर कही चले गये थे जो बिटावन के पति द्वारा मोटर सायकल घर के दरवाजा के सामने होने से आने जाने में परेशानी होने से मोटर सायकल को किनारे कर खडा कर दिये थे कि रात को प्रार्थीयां करीब 12/00 बजे अपने पति के साथ घर के आंगन में बैठी थी उसी समय छोटू खान, अकबर खान दोनो आये और हम लोगो के मोटर सायकल को हटाया है कहकर गंदी गंदी गाली देते हुये प्रार्थीया के घर के दरवाजा को डंडा व ईंटा से मारकर तोड दिया और दीवाल में लगे बिजली के मीटर को खींच कर उखाड दिया उसके बाद प्रार्थीया के पति रामायण

राजपूत द्वारा मना करने पर दोनो व्यक्ति मिलकर जबरन घर के अंदर घुंस कर प्रार्थीया और उनके पति रामायण राजपुत को हाथ मुक्का लाठी डंडा से मारपीट करने लगे, हो हल्ला को सुन कर प्रार्थीया का बेटा राहुल, रवि और पडोसी लोग आये और छुडाये तब जाते जाते अकबर खान व छोटू खान के द्वारा जान से मारने की धमकी दिये है । रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान आरोपीयों को गिरए किया जाकर गिरए की सूचना उनके परिजनो को दिया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है । उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर अंशुमान पाण्डेय व पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

किसान मजदूर संघर्ष समिति ज्ञापन सौंपेगा

तिल्दा-नेवरा/ सुहेला। किसान मजदूर संघर्ष समिति द्वारा कुम्हारी बांध के जल क्षमता और नाहर विस्तार के संबंध में 26 अप्रैल को जिला कलेक्टर रायपुर एसडीएम तिल्दा और तहसीलदार खरोरा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। विदित हो कि किसान नेता और रायपुर जिला पंचायत के सभापति राजू शर्मा के नेतृत्व में उक्त कार्य को तत्काल प्रारंभ करने को लेकर बीते 20 मार्च से 3 अप्रैल तक 45 गांवों की पदयात्रा कर ग्रामीणों को कुम्हारी जलाशय का जल कलश सौंपा गया था तथा 3 अप्रैल को रैली के माध्यम से सुहेला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था। विदित हो कि उक्त मांग के पूरा होने से सुहेला क्षेत्र के 45 से 50 गांवों को सिंचाई का लाभ मिल पाएगा जिसकी मांग को लेकर पिछले पांच दशक से विभिन्न माध्यम से क्षेत्र के लोग लगे हुए हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी (छ.ग.)

Email ID- eedha-phe-cg@nic.in Telephone Number- 07722-238719

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-''ए'' में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित आनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	निविदा क्र./ दिनांक सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)
1	11/21.04.2023, 131745	विकासखंड धमतरी के ग्राम भिड़ावर _ Retro_2nd Call	32.38

नोटः- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक 24.04.2023 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 12.05.2023 सांय 5:30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
धमतरी (छ.ग.)

जी- 00556/4

कांग्रेस के लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का शंखनाद

छत्तीसगढ़ में 39 विधानसभा में एलडीएम फार्मूले पर हो रही नियुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 26 अप्रैल। विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे दोनों ही पार्टियां जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की पूछ परख शुरू कर दी है। एक और जहां भाजपा संगठन को मजबूत करते हुए युवा कार्यकर्ताओं को लगातार जोड़ने की कोशिश कर रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस राजस्थान में 2022 संगठन स्तर पर किए गए नए-नए प्रयोग को छत्तीसगढ़ में भी लागू कर आगामी 2023-24 चुनाव में दोबारा परचम लहराने की कोशिश कर रही है। इसी तारतम्य में सोमवार शाम जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर एलडीएम के कार्य प्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। इस

दौरान विधानसभा समन्वयक राजेश चंपू गुप्ता ने बताया की राष्ट्रीय प्रभारी के राजू के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा में यह नियुक्ति की जा रही है इसमें नियुक्त हुए एलडीएम के समन्वय जमीनी स्तर के विभिन्न जातियों के के बीच पहुंचकर ऐसे कार्यकर्ताओं को जोड़ने की कोशिश की जाएगी। जो लगातार पार्टी के हर कामों में शरीक होकर निज स्वार्थ को भूल गए अंतिम पंक्ति में रहकर भी पार्टी व समाज को मजबूत करने का काम करते हैं। ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं को सामने लाने का प्रयास इस पहल के द्वारा की जाएगी. जिससे कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बड़ी सफलता पाने में कारगर होगी। एलडीएम के अंतर्गत आने वाले कार्यकर्ताओं का समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से इसके उद्देश्य व कार्यों के विभिन्न आयामों के बारे में बताया जाएगा। जिससे की ब्लॉक स्तर से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जा सके। मिशन के तहत तीन चरण में ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण शिविर किया जायेगा जिसमें सामाजिक मुल्यांकन, राजनैतिक मुल्यांकन, चुनावी आंकलन, डिजीटल सदस्यता स्थिति, संगठन की पुर्वता, एसटीएससी ओबीसी कार्यकर्ता को सक्रिय करना, नई पीढी को उभारकर तैयार करना, नेतृत्व विकास करना और मंडल व ग्राम कोआडिकेटर का चयन करना मुख्य बिंदु है जिस पर प्रशिक्षित कर कार्यकर्ताओ को कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी जायेगी. प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से विधायक भुनेश्वर बघेल, पंकज बांधव, राजेश चंपू गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गोमास्ता के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग.
रा.मा.क्र. -202301110300046 / अ-6 वर्ष 2022-23
ग्राम- जोता प.ह.न. 09

राजस्व मामले की नोटिस

प्रति
1 सत्येन्द्रसिंह 2. योगेन्द्र सिंह 3. कृष्ण कुमार सभी पिता अजय सिंह, 4. सीताबाई पति अजय निवासी ग्राम जोता प.ह.न. तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)

विषयः- अभिलेख दुरूस्ती की कार्यवाही बाबद।

आवेदक मेहतरू राम यादव पिता नाथूराम यादव निवासी वार्ड क्रमांक 19 तिल्दा नेवरा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर द्वारा ग्राम जोता प.ह.न. 09 में कृषि भूमि खसरा नंबर 62/3, 62/6, 61/2, 43/15, 43/16, 148/3 रकबा क्रमशः 0.235, 0.170. 0.162, 0.405, 0.809, 0.405 हे. भूमि आवेदक के हक एवं स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि स्थित है। खसरा नंबर 43/1 का भाग रकबा 0.809 हे. भूमि को विक्रेता सत्येन्द्रसिंह, योगेन्द्र, कृष्ण कुमार पिता अजय सिंह सीताबाई पति अजय से पंजीकृत बैनामा दिनांक 03.08.1981 को क्रय किया है। बार-बार नोटिस देने के बाद भी नोटिस तामिल नही हो रहा पा रहा है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में आप दिनांक 10.05.2023 को स्वयं अथवा विधिमान्य अभिभावक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।

आज दिनांक 26.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
(मुहर) तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर(छ.ग.)

कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

palikakharsia@gmail.com Tel Phone No. 07762-272277

क्रमांक/85/न.पा.प./ लो.नि.वि. / 2023 खरसिया दिनांक 24.04.2023

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री के माध्यम से निम्नांकित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. आवेदन करने की अंतिम तिथि - 10.05.2023 समय सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 12.05.2023 समय दोपहर 3.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने का समय एवं तिथि - 12.05.2023 समय सायं 4.30 बजे

ग्रुप क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी. आर के रूप में	निविदा प्रपत्र का मूल्य डी डी के रूप में
1	जल समाग्री प्रदाय हेतु वार्षिक निविदा (वर्ष 2023-24 वार्षिक निविदा) संलग्न सूची अनुसार।	10.00 लाख	10000/-	प्रपत्र (C) 750/-
2	नगरपालिका के अधिनस्थ चोढ़ा फिल्टर प्लांट एवं भालूनारा इंटेकवेल में स्थित वाल एसेम्बली पंप / टरबाईन पंप/ सेन्ट्रीफ्युगल पंप/क्लोरिफायर पंप/ फिल्टरवाष पंप /बोलर पंप /वाल/ स्टार्टर मरम्मत एवं प्रदाय कार्य (वर्ष 2023-24 तृतीय वार्षिक निविदा) संलग्न सूची अनुसार।	15.00 लाख	15000/-	प्रपत्र (C) 1000/-
3	पोताई कार्य हेतु वार्षिक निविदा।(वर्ष 2023-24 वार्षिक निविदा) संलग्न सूची अनुसार	5.00	5000/-	प्रपत्र (A) 750/-
4	जोनल कार्य अंतर्गत विभिन्न सिविल कार्य हेतु (वार्ड क्रमांक 01 से 09 तक) वर्ष 2023-24 वार्षिक निविदा कार्य।	15.00 लाख	15000/-	प्रपत्र (A) 1000/-
5	जोनल कार्य अंतर्गत विभिन्न सिविल कार्य हेतु (वार्ड क्रमांक 10 से 18 तक) वर्ष 2023-24 वार्षिक निविदा कार्य	15.00 लाख	15000/-	प्रपत्र (A) 1000/-

टीप-
1. अन्य शर्तें एवं नियम कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
2. लिफाफा में uad.cg.gov.in से फार्म A एवं C डाउनलोड कर पूर्ण भरकर प्रस्तुत करना होगा, ओव्हर राइटिंग काट छांट निविदा प्राप्त नहीं किया जावेगा। एवं ऐसी निविदा प्रपत्र निरस्त कर दी जावेगी, निविदा खोलने की तिथि के निर्धारित समय में ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं, प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। तथा लिफाफा प्रपत्र A एवं C निर्धारित निविदा प्रपत्र मुल्य की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद खरसिया के नाम से देय होगा।
3. उक्त दिवस में निविदा खोलने संबंधित कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से संपन्न नहीं होने पर अन्य दिवस में निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खरसिया

एक नजर

महिला कांग्रेस ने विधानसभाओं में नियुक्त किए प्रभारी

रायपुर, 26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर महिला कांग्रेस के द्वारा नई टीम का गठन किया जा रहा है। इस क्रम में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा का पिछले दिनों में रायपुर में प्रवास हुआ था। उन्होंने यहां महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श भी किया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा की सांसद श्रीमती फूलो देवी नेताम जी के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए महिला कांग्रेस के प्रभारी नियुक्त कर जिम्मेदारी दी गई है। कोरबा जिला के अंतर्गत आने वाले चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कोरबा विधानसभा में अंकिता वर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए रश्मि सिंह, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के लिए सुश्री ममता पैकरा तथा पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लिए श्रीमती शिल्पी तिवारी को प्रभारी बनाया गया है। विधानसभा प्रभारियों को कहा गया है कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में दौरा, जनसंपर्क प्रारंभ करे तथा छत्तीसगढ़ सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन-जन को बताएं तथा केन्द्र की सरकार के द्वारा आम जनता, गरीबों, किसानों, मजदूरों के हित के विरूद्ध किए जा रहे कार्यों और कुनीतियों के बारे में आम लोगों को अवगत करावें। समस्त प्रभारियों ने कहा कि वे उन्हें दी गई सभी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

गुढ़ियारी में महिला की मौत संदेह के दायरे में पति

रायपुर, 26 अप्रैल। राजधानी के गुढ़ियारी इलाके में महिला पूजा सैनी की संदिग्ध मौत हुई है. घटना के बारे में मृतका के पति उत्तम सैनी का कहना है कि उसकी पत्नी ने छत से कूदकर आत्महत्या की है. फ़िलहाल इस मामले की शिकायत गुढ़ियारी थाने में की गई है. मृतका के भाई विनीत कुमार गुप्ता ने लगाया गंभीर आरोप - वही मृतका के भाई अपने जीजा पर गंभीर आरोप लगाया है. उनका कहना कि साजिश के तहत हत्या की गई है. उसकी बहन सुसाइड नहीं कर सकती है. पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पूछताछ शुरू कर दी है. जल्द ही मामले में खुलासा होगा।

दो प्राचार्य निलंबित

रायपुर, 26 अप्रैल । छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग में रोज किसी न किसी तरह के अनोखे मामले सामने आते रहते हैं। इसी तरह के दो अलग-अलग मामले में दो प्राचार्यो को निलंबित कर दिया है। शिक्षकों को सैलरी मिलने में दिक्कत हुई तो उन्होंने सीधे स्कूल शिक्षा व आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम से पत्राचार करके शिकायत की। मामले में विभाग ने संस्थान के प्राचार्य पर कार्रवाई की है। पहला मामला आदर्श अनुसूचित जाति कन्या आश्रम रायपुर का है। यहां पदस्थ शिक्षिका पुष्पलता साहू और सलोनी ठाकुर ने सैलरी की समस्या के मामले में चैनल से प्राचार्य होते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक कार्यालय या फ़िर संचालक व सचिव को पत्राचार नहीं करते हुए सीधे मंत्री को ही पत्राचार कर दिया । इस मामले में संस्थान की प्राचार्य सरोज वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय संयुक्त संचालक कार्यालय रायपुर नियत किया गया है।

राजधानी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना

रायपुर 26 अप्रैल। प्रदेश के कई जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी रायपुर के लिए भी जारी हुआ ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के साथ-साथ तेज वर्षा हो सकती है। आपको बता दें कि पिछले दिनों भी रायपुर मौसम विभाग ने 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक बारिश की चेतावनी जारी की थी। इसका असर भी प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिला था। बता दें कि छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से मौसम गर्मी के समय में बरसात का एहसास करा रहा है। दोपहर होते ही प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है। तो वहीं कुछ जगहों पर तेज आंधी के साथ बिजली भी चमक रही है।

मुख्यमंत्री ने माना कैम्प में जल आवर्धन योजना का किया भूमिपूजन

रायपुर, 26 अप्रैल। मुख्यमंत्री ने रायपुर ग्रामीण में भेंट मुलाकात के दौरान आज नगर पंचायत माना कैम्प जल आवर्धन योजना का भूमिपूजन किया। लगभग साढ़े 44 करोड़ रुपए लागत की यह योजना 27 माह में पूरी होगी। जल आवर्धन योजना के माध्यम से माना कैम्प के 3 हज़ार 2 सौ घरों तक पीने का साफ पानी पहुंचेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माना कैम्प में खुलने वाले नये महाविद्यालय का नाम प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय करने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा, नगर निगम रायपुर के महापौर ऐजाज ढेबर और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा सहित अनके जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

निखर गया कंकाली तालाब का सौंदर्य

फ्लड-फसाड लाईट से जगमगाएगा, किनारों में लगाए गए धौलपुर के लाल पत्थर

रायपुर, 26 अप्रैल

रायपुर शहर के बीचों-बीच घनी आबादी से घिरा साढ़े छह सौ साल पुराना कंकाली तालाब अब अपने अलग ही सौंदर्य से शहरवासियों को आकर्षित करेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की राज्य के एतिहासिक धरोहरों के संरक्षण-संवर्धन की नीति पर अमल करते हुए नगर निगम रायपुर में इस तालाब का जीर्णोधार और सौंदर्यीकरण का काम कराया है। श्री बघेल ने आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान एक करोड़ 34 लाख रूपये की लागत से हुए तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। कंकाली तालाब में साढ़े तीन सौ वर्ग मीटर धौलपुर लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण किया गया है। फसाड लाईट और फ्लड लाईट में इन पत्थरों का सौंदर्य तालाब को नई पहचान दे रहा है। तालाब में 28 बड़े खंभों पर बिजली की जगमगाहट भी की गई है। घाट एवं पचरी मरम्मत कर रंगाई-पुताई का काम भी किया गया है। तालाब के चारो ओर लगभग साढ़े चार सौ मीटर स्टेनलेस स्टील की रेलिंग भी लगाई गई है। माँ कंकाली मंदिर लगभग 650 वर्ष पुराना है। प्राचीन समय में जब तालाब की खुदाई की गई, उस समय नर कंकाल मिलने के कारण इसका नाम कंकाली मंदिर पड़ा। इस मंदिर की स्थापना मां कंकाली के आदेशानुसार महंत कृपाल गिरी जी ने की। यह मंदिर सन्यासियों के साधना का केन्द्र रहा है इस तालाब की मान्यता है कि यहां स्नान करने से चर्म रोग, खाज, खुजली सभी ठीक हो जाते है। मंदिर से कुछ ही दूरी पर कंकाली मठ स्थित है, जो साल में एक दिन दशहरा पर खुलता है, वहीं पर नागा सन्यासी मां कंकाली की उपासना करते थे।

हताश भाजपा बस्तर में जनाधार खो चुकी है: मोहन मरकाम

■ भूपेश बघेल के चेहरे पर लड़ा जाएगा विस चुनाव

रायपुर 26 अप्रैल। ओम माथुर के बस्तर पर दौरे को लेकर पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा कि, बस्तर में भाजपा जनाधार खो चुकी है। भाजपा प्रभारी के दौरे का कोई असर नहीं होगा। हमारी सरकार ने बस्तर के विकास के लिए काफी काम किया है। चुनाव में नए चेहरे उतारने के सवाल पर पीसीसी चीफ बोले सर्वे के आधार पर पार्टी नेतृत्व इस संबंध में निर्णय लेगी। समय-समय पर विधायकों को दिशा निर्देश दिए जाते हैं। मैं खुद भी विधायक हूं, मेरा भी परफॉर्मेंस खराब होगा तो सुधारने का प्रयास करूंगा। मरकाम ने कहा भाजपा के सभी नेता विश्वसनीयता खो चुके हैं इसलिए भाजपा नए चेहरों पर दांव लगाने की बात कह रही है। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा भाजपा छत्तीसगढ़ में हताशा के दौर से गुजर रही है। रमन सिंह को बीजेपी अपना चेहरा नहीं मानती। हम सीएम भूपेश बघेल के चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे।

कर्नाटक में रमन सिंह ने किया रोड शो

रायपुर 26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कर्नाटक के आगामी विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए आज कर्नाटक पहुंचे जहां उन्होंने बेंगलुरु के बोम्मनहल्ली विधानसभा क्षेत्र में वहां के प्रत्याशी सतीश रेड्डी के समर्थन में क्षेत्र के दो वार्डों पुत्तनहल्ली और जरगनहल्ली में रोड शो किया इस रोड शो में काफी भीड़ उमड़ी। इस रोड शो के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पुनः भाजपा का ध्वज लहराने वाला है, स्थानीय विधायक सतीश रेड्डी हैट्रिक जीत हासिल कर चुके हैं और इस बार चौका मारने की तैयारी में हैं। साथ ही उन्होंने बोम्मनहल्ली की जनता से सतीश रेड्डी को एक लाख से अधिक के भारी वोटों से जिताने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि यह बड़ा जनसमूह और लोगों का विश्वास देखकर मैं आश्वस्त हूं कि इस चुनाव में पुनः एक बार भाजपा का ध्वज लहराने वाला है। रोड शो के दौरान उन्होंने पुट्टनहल्ली में मरम्मा (करगा) देवी की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया।

आदिवासी इलाके बन गए रोहिंग्याओं का अड्डा :भाजपा

रायपुर 26 अप्रैल। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में लगातार हिंदुओं का अपमान, सनातन संस्कृति को ठेस पहुंचाना, साम्प्रदायिक तुष्टीकरण और आतंक-अपराध की घटनायें लगातार जारी हैं। अब ऐसी आतंकी कार्रवाइयों में पुलिस को भी कांग्रेस सरकार ने शामिल कर लिया है। प्रदेश के महान संत और 'सनातन धर्म संत समाज' की स्थापना कर समूचे वन्य क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समाज में सांस्कृतिक चेतना प्रवाहित करने वाले गाहिरा गुरु जी के पुत्र और

सिविल लाइन स्थित गांधी उद्यान में दुकान निर्माण का विरोध करते हुए भाजपा ने आज नगर निगम मुख्यालय में धरना दिया।

जन प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, हिन्दू आदिवासी नेता श्री गेंदबिहारी सिंह के साथ बगीचा एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर, आरक्षक राजकुमार मनहर, आरक्षक संतोष उपाध्याय द्वारा जिस तरह सार्वजनिक रूप से बर्बरता पूर्वक मारपीट की गयी है, इसकी जितनी भर्त्सना की जाय, वह कम है।

सम्पूर्ण घटनाक्रम को देखने पर यह साफ होता है कि किसी पुलिसकर्मी की ऐसी हिम्मत हो ही नहीं सकती कि इस तरह लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार करे। सीधी सी बात है कि ऐसा कांग्रेस के भूपेश गुट के इशारे पर, इसलिए किया गया है क्योंकि श्री गेंद बिहारी सिंह भाजपा के समर्थक हैं, और सनातन संस्कृति के संवर्धन में सतत समर्पित रहते हैं। इससे पहले भी एक शोभायात्रा को संदिग्ध तस्करों द्वारा उसी जशपुर में रौंद दिया गया था। उसमें अनेक लोग हताहत हुए थे, लेकिन आज तक शासन ने उसकी तह तक जाने की जहमत नहीं उठायी। केवल इसलिए क्योंकि प्रदेश का आदिवासी क्षेत्र धर्मांतरण के कारोबारियों, रोहिंग्याओं आदि का अड्डा बन गया है। स्वयं शासन के मंत्री ने अंबिकापुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोहिंग्याओं के बसाए जाने की बात की थी। समूचे क्षेत्र की डेमोग्राफी को तेज़ी से बदला जा रहा है। हाल के बीरनपुर में जिहादियों द्वारा भूनेश्वर साहु की मस्जिद में नृशंस हत्या और उस पर उल्टे पीड़ित पक्ष और आवाज़ उठाने वाले संगठनों को ही उत्पीड़ित करने का मामला हो, या फिर कबीरधाम में मुस्लिम अतिवादियों द्वारा किए गए उपद्रव को शासकीय संरक्षण की, या फिर बस्तर के नारायणपुर और सुकमा आदि में बार-बार चेताने के बावजूद परिवर्तित ईसाइयों द्वारा किए गए दंगे-फसाद की, हर मामला शासन प्रायोजित या संरक्षित लगता है।

पीएम आवास और नल-जल योजना को लेकर भाजपा का दावा झूठा -कांग्रेस

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में विगत 52 महीनों से विपक्ष की भूमिका निभा पाने में नाकाम भाजपाइयों का झूठ लगातार बेनकाब हुए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुपोषण और समृद्धि के साथ ही आवास और पेयजल के विषय में भी भाजपा का आरोप तथ्यहीन साबित हुआ है। विगत सवा साल में छत्तीसगढ़ में भाजपा के चार अध्यक्ष बदल गए, नेता प्रतिपक्ष भी बदलकर देख लिए लेकिन विश्वसनीयता का संकट यथावत कायम है। रमन राज के 15 साल के वादाखिलाफ़ी, कुशासन, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के चलते आम जनता के बीच भाजपा की विश्वसनीयता तो पहले ही खत्म हो चुकी थी अब तो भाजपा के कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी भाजपा के फर्जी मुद्दों पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, शिव प्रकाश, अजय जामवाल और नितिन नवीन भी डी पुरंदेश्वरी के तरह हताश और निराश हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा को न मिस्ड कॉल कार्यकर्ता मिल रहे हैं और ना ही मन की बात सुनने वाले कोई। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि हाल ही में विधानसभा के बजट सत्र में पीएम आवास को लेकर लगाए गए आरोप पर दिए गए लिखित जवाब में भाजपा का झूठ उजागर हुआ है। 2014 से 2018 तक तथाकथित डबल इंजन की सरकार रही। केंद्र में मोदी की सरकार और छत्तीसगढ़ में रमन की, तब कुल आवास केवल 2 लाख 37 हजार आवास बनाए, जिसे रमन सिंह ने 2018-19 के अपने अंतिम बजट अभिभाषण में स्वीकार किया था।

प्रदर्शन...

रायपुर 26 अप्रैल। सीएम के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम स्थल के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया.विरोध प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस हिरासत में लेकर अज्ञात स्थान पर ले गई। जानकारी के अनुसार, भाजपा कार्यकर्ता बूढ़ेश्वर मंदिर चौक में मुख्यमंत्री के काफिले को काले झंडे दिखाने की तैयारी में थे।

प्रदेश प्रभारी झा ने बताया- आप ने छत्तीसगढ़ में बनाए 6 लाख सदस्य

रायपुर, 26 अप्रैल। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में आम आदमी पार्टी जुट गई है. आम आदमी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा और प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेड़ी ने प्रेसवार्ता में कहा, पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया।

कुल 6 लाख लोगों ने आप की सदस्यता ग्रहण की है. चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की है.

प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारियों की घोषणा की जा रही है. कोमल हुपेड़ी प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे. तीन सीनियर बनाए हैं, जिसमें गोपाला साहू, आकांक्षा सिंह सहित 3 लोग शामिल हैं. लगभग 900 पदाधिकारियों की घोषणा की है. सदस्यता अभियान के तहत बहुत बड़ी संख्या में युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की है. महिलाओं और बुजुर्गों ने सदस्या ग्रहण की है. कांग्रेस और भाजपा के लूटने की सरकार से आम आदमी पार्टी निजात दिलाएगी।

झा ने कहा, जगह-जगह लोग प्रदर्शन कर रहे हैं. कोई सुनने वाला नहीं है. सभी कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे. आम आम जनता के मुद्दे उठाएंगे. सभी कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं. महिलाएं आंदोलन कर रही है. तमाम वर्ग के लोग आंदोलन कर रहे हैं, जिनका समर्थन आम आदमी पार्टी ने किया है. आम आदमी पार्टी जो वादा करती है उसे पूरा करती है. आरक्षण को लेकर झा ने कहा, मामला राजभवन में अटका है. उचित आरक्षण लोगों को मिलना चाहिए, बात में सहमति है. इस मुद्दे पर राजनीति नहीं काम होना चाहिए.

आम आदमी पार्टी में महिलाओं को अनुभवी लोगों को जिम्मेदारी दी गई है. जो पार्टी हित में काम करती आ रही है. पूरे संगठन में चुनावी मुद्दे को लेकर झा ने कहा, मॉडल गवर्नर, शिक्षा, रोजगार, भ्रष्टाचार, स्कूल, हॉस्पिटल, पंजाब और दिल्ली के मॉडल को बताएंगे. भूपेश बघेल किसान की बात करते हैं वो पेपर में ही दिखता है. आधे नरवा घुरवा पेपर में है. स्टेट गावरमेंट आम जनता के शोषण का काम कर रहे हैं. मैं 33 स्टेट गया कही नहीं मुझे मिला जो गोबर बेचकर करोड़पति बना हो।

सनातन वैदिक धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा एवं संरक्षण शंकराचार्य की देन

रायपुर 26 अप्रैल। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा दूधाधारी मंदिर के सत्संग भवन में भगवान आध्य शंकराचार्य का 2580 वा प्राकट्य दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजे महंत रामसुंदर दास थे। अध्यक्ष छत्तीसगढ गौ सेवा आयोग ,अध्यक्षता महंत विवेक गिरी गौर कांपा आश्रम (लोरमी) ने की बृजमोहन अग्रवाल विधायक रायपुर के विशेष अतिथि थे। में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के महंतगण- गजानंद बन गुढ़ियारी ,हरभूशन गिरी ,कंकाली मठ रायपुर (पवनी), विनोद पुरी (टीन्नीपुर),अखिलेन्द्र पुरी (कोहडिया) ,उमेश्वर पुरी (पंधी),चिंतामणी गिरी (धाराशिव),पूरण गिरी (हिन्छापुर) संरक्षक एवम संस्थापकगण ङ्क लिल्लार पुरी (चर्रा),चित्रसेन गिरी (महासमुंद),वीरेन्द्र पुरी भिलाई ,प्रितम गिरी

(रायपुर),दत्त जैन पुरी (पेंड्री तराई)योगेन्द्र गिरी (गुना),जगदीश भारती (सरगांव),कुबेरप्रकाश गिरी (खम्हार मुड़ा),ओंकार पुरी (तोरला) कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर कृष्ण बन गोस्वामी,कोषाध्यक्ष सुधीर बन ,रायपुर जिलाध्यक्ष वेदपुरी कोषाध्यक्ष योगेन्द्र पुरी एवम विभिन्न जिलो के अध्यक्ष दुर्ग दीपक बन,बेमेतरा रामेश्वर गिरी ,कबीरधाम अजय गिरी ,सक्ती विनोद गिरी ,मुंगेली भरत गिरी ,जांजगीर चांपा भूपेंद्र गिरी ,कांकेर से होरेन्द्र गिरी ,जगदलपुर से प्रकाश बन केसाथ साथ प्रदेश से आये हुए समाज के वरिष्ठ जन ,सामाजिक बंधुओ एवम मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रदेश मिडिया प्रभारी हेमंत बन ने बताया की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भगवान आध्य शंकराचार्य की पूजा आरती एवं दीप प्रज्जलन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन चम्पेश्वर पुरी के द्वारा किया गया।

महावीर स्वामी का कैवल्य कल्याणक महोत्सव

रायपुर। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा महावीर स्वामी के कैवल्य कल्याण दिवस निमित्ते सवा लाख नवकार जाप का अनुष्ठान रखा गया है । वैशाख सुदी 10 , रविवार 30 अप्रेल को भगवान महावीर स्वामी का केवल ज्ञान प्राप्ति का दिन है । साढ़े बारह वर्ष की कठोर साधना के पश्चात गोदोहासन में काउसग्ग करते हुए महावीर स्वामी को शाल वृक्ष के नीचे ऋजुबालिका नदी के तट पर सम्पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हुई थी । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि कैवल्य कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण ज्ञान के प्रकाश में सकल जैन समाज छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि व भाईचारे हेतु सवा लाख नवकार महामन्त्र की आराधना करेगा ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23